डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
29 अक्टूबर 2025
बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
26 अधिकतम
19 न्यूनतम




## राम मंदिर निर्माण पूरा.. अब सूर्य ध्वज की तैयारी

### भक्तों से मिले 3000 करोड़, अंतिम चरण तक 1800 करोड़ खर्च होने का अनुमान

अयोध्या, एजेंसी

राम भक्तों के लिए अयोध्या से खुशखबरी आई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जानकारी दी है कि भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है। मुख्य मंदिर के साथ परकोटे के भीतर बने 6 मंदिर भगवान शिव, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, सूर्यदेव, देवी भगवती और देवी अन्नपूर्णा भी तैयार हैं। सभी मंदिरों पर ध्वजदंड और कलश की स्थापना कर दी गई है। इसके साथ रामजन्मभूमि परिसर में 25 नवंबर को आयोजित होने जा रहे ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां तेज हो गई है। ट्रस्ट की ओर से मंदिरों के निर्माण की पूर्णता पर प्रस्तावित वृहद उत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया गया है। महामन्त्री चंपत राय ने कहा जिन कार्यों का सीधा सम्बन्ध दर्शनार्थियों की सुविधा या व्यवस्था से है, वे सभी कार्य पूरे किये जा चुके हैं। सड़कें एवं फ्लोरिंग पर पत्थर लगाने का कार्य निर्धारित कंपनी द्वारा तथा भूमि सौन्दर्य, हरियाली और 'लैंड स्केपिंग' कार्य सहित 10 एकड़ में पंचवटी का निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है। जानकारी दी गई है कि राम मंदिर निर्माण के निधि समर्पण अभियान के दौरान देशविदेश के लाखों राम भक्तों ने दिल खोलकर योगदान दिया और 3000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि रामलला को समर्पित की। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष के अनुसार, अब तक करीब 1500 करोड़ रुपये की बिलिंग हो चुकी है, यानी इतना खर्च निर्माण कार्य पर किया जा चुका है। जबकि मंदिर परिसर में चल रहे शेष कार्यों को मिलाकर कुल लगभग 1800 करोड़ रुपये तक खर्च का अनुमान है।

#### निर्माण से जुड़े लोगों का सम्मान

भवन निर्माण समिति ने बताया कि मंदिर निर्माण में जुड़े सभी लोगों, संस्थाओं और कंपनियों का भी सम्मान किया जाएगा। 25 नवंबर के बाद एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने राम मंदिर निर्माण में अपना योगदान दिया है।

#### 10 हजार लोगों को आमंत्रण

अध्यक्ष ने बताया कि शुरुआत में इतना बड़ा आर्थिक सहयोग मिलने की कल्पना नहीं की गई थी, लेकिन राम भक्तों की आस्था ने इसे संभव बना दिया। उन्होंने कहा कि राम भक्तों ने जिस श्रद्धा से दान दिया है, वह अपने आप में अद्भुत उदाहरण है। इस बीच, 25 नवंबर को होने वाले विशेष कार्यक्रम को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 8 से 10 हजार अतिथियों को आमंत्रित किया है। खास बात यह है कि साल 2022 के बाद से जिन्होंने राम मंदिर निर्माण में दान दिया है, उन्हें भी इस कार्यक्रम में बुलाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

## नीलेश रजक हत्याकांड के दो आरोपी एनकाउंटर में घायल

कटनी, एजेंसी

कैमोर में भाजपा नेता नीलेश रजक हत्याकांड के आरोपित एनकाउंटर में घायल हुए हैं। दोनों को जबलपुर इलाज के लिए भेजा गया है। एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि हत्या के दोनों आरोपित कैमोर निवासी अकरम खान और प्रिंस जोसफ को कजरवारा से पकड़ा गया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपितों ने पुलिस पर फायर किया, जिसके जवाब में आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में 4 गोलियां चलीं और दोनों आरोपित घायल हो गए हैं। उन्हें तत्काल इलाज के लिए जबलपुर रवाना किया गया है। मंगलवार की सुबह कैमोर निवासी भाजपा नेता नीलेश उर्फ नीलू रजक की दो युवकों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें आरोपित अकरम खान व प्रिंस जोसफ का नाम सामने आया था।



घटना के बाद कैमोर और विजयराघवगढ़ में बवाल मच गया था। लोगों ने बाजार बंद कर चक्काजाम कर दिया था। देर रात तक कई थानों के पुलिस बल सहित आइजी, डीआईजी और अन्य अधिकारी डेरा डाले रहे। पुलिस की टीमों को आरोपित दोनों युवकों की तलाश में लगाया गया था। जो पुलिस को कजरवारा के पास मिले और वहीं पुलिस से मुठभेड़ में दोनों घायल हुए।

### किसान की हत्या का आरोपी भाजपा नेता गिरफ्तार

प्रदेश के गुना जिले में जमीन विवाद को लेकर किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी और भाजपा से निष्कासित नेता महेंद्र नागर को गिरफ्तार कर लिया है। महेंद्र नागर को मंगलवार रात करीब 8.30 बजे फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के सैलबोर्ड इलाके से पकड़ा गया, जो उसके गांव गणेशपुरा के पास ही है। यहां पर यह बता दें कि इस मामले में अब तक कुल चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि दस आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भाजपा नेता (अब निष्कासित) के इस हत्याकांड में शामिल होने से सियासत भी गर्मा गई है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कमिश्नर और आईजी के साथ गणेशपुरा गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

### 100 किमी की रफ्तार से चल रही हवाएं, अगले चार दिनों तक दिखाई देगा असर

## मोंथा तूफान के कहर से हजारों बेघर ट्रेनों के रूट बदले, 50 फ्लाइट्स रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी

चक्रवात मोन्था आंध्र प्रदेश के काकीनाडा के बाद आज सुबह ओडिशा के गंजम में गोपालपुर बीच पर पहुंच गया है। गंजम में समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं और हवा की रफ्तार 80-100 किमी प्रति घंटे पर पहुंच गई है। लैंडफॉल के बावजूद अगले 6 घंटों तक तूफान का असर रहेगा। इस तूफान का असर ओडिशा में भी महसूस किया गया। 15 जिलों में लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कोनासीमा जिले के मकानगुडेम गांव में तूफान के कारण ताड़ का पेड़ उखड़कर एक महिला के ऊपर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। चक्रवात के प्रभाव से आंध्र प्रदेश में 38 हजार हेक्टेयर में लगी फसलें नष्ट हो गई और 1.38 लाख हेक्टेयर बागान को भी भारी नुकसान पहुंचा। लगभग 76 हजार लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया, जबकि सरकार ने विभिन्न जगहों पर 219 चिकित्सा शिविरों की व्यवस्था की।

चक्रवात को ध्यान में रखते हुए 865 टन पशु चारे का भी इंतजाम किया गया है। सरकार ने कृष्णा, एलुरु और काकीनाडा सहित चक्रवात प्रभावित जिलों में मंगलवार रात 8.30 बजे से बुधवार सुबह छह बजे तक सड़कों पर वाहनों की आवाजाही स्थगित रखा गया। हालांकि, इमरजेंसी मेडिकल सर्विस को इससे छूट दी जाएगी।



**कई ट्रेनों को किया रद्द :** एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय रेलवे ने पूर्वी तटीय रेलवे क्षेत्र के वाल्टेयर डिवीजन में कई ट्रेन को या तो रद्द कर दिया या फिर उनके रूट और टाइम में बदलाव किया गया है। इसी तरह दक्षिण मध्य रेलवे क्षेत्र ने सोमवार और मंगलवार को कुल 120 ट्रेन रद्द कीं थी। चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के कारण मंगलवार को विशाखापत्तनम एयरपोर्ट से संचालित होने वाली सभी 32 उड़ानें रद्द कर दी गईं। इसी तरह, विजयवाड़ा हवाई अड्डे से 16 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि पांच उड़ानों का सफल संचालन किया गया।

#### आंध्र प्रदेश में भारी बारिश जारी

मौसम विभाग ने आज आंध्र प्रदेश और यनम में ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। विभाग ने इसी अवधि के दौरान अलग-अलग जगहों पर 20 सेंटीमीटर से ज्यादा भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है। अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा में 'मोंथा' के कारण तटीय और दक्षिणी जिलों में भारी बारिश हुई, जिससे भूस्खलन की घटनाएं घटीं, मकानों को नुकसान पहुंचा तथा पेड़ उखड़ गए।

#### एमपी में तीन सिस्टम एक्टिव, 11 जिलों में बारिश का अलर्ट

इधर चक्रवात मोन्था का असर सूबे पर भी पड़ा है। प्रदेश में कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। मंगलवार को ग्वालियर, शिवपुरी और रतलाम समेत कई जिलों में बारिश हुई, जबकि राजधानी भोपाल, इंदौर में आंधी का असर रहा। आज छिंदवाड़ा-बालाघाट समेत 11 जिलों में बारिश होने की संभावना है। जबलपुर और नर्मदापुरम में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। अगले चार दिन ऐसा ही मौसम रहेगा।

### साइबर सुरक्षा के लिए दौड़




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा और जागरूकता के लिए आयोजित 'रन फॉर साइबर अवेयरनेस' को हरी झंडी दिखाकर अटल पथ से रवाना किया।

## भारतीय मूल के बड़े उद्योगपति की कनाडा में गोली मारकर हत्या

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा में भारतीय मूल के एक बड़े उद्योगपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। कनाडा के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार उद्योगपति दर्शन सिंह साहसी की कनाडा के एबट्सफोर्ड इलाके में उस वक्त हत्या कर दी गई, जब वे कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे। हत्या का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दर्शन सिंह अपनी कार में सवार होते दिख रहे हैं, तभी एक हमलावर उनके पास आता है और गोलियां चला देता है।



हमलावर अकेला था और मौके से एक टोयोटा कोरोला कार में सवार होकर फरार हो गया। गोलीबारी की सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दर्शन सिंह गंभीर हालत में घायल थे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

## ड्रग तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन में 64 की मौत

रियो, एजेंसी

ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में पुलिस कार्रवाई के दौरान कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने पूरे मामले को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 2,500 पुलिस और सैनिकों ने मंगलवार को रियो डी जेनेरियो में एक मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया है। छापेमारी को दौरान 81 संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस के मुताबिक, छापेमारी के दौरान पुलिस और तस्कर गिरोह के सदस्यों के बीच हुई गोलीबारी में कम से कम 64 लोग मारे गए हैं दिनमें 4 पुलिसकर्मी भी शामिल है।

## सब्सिडी मंजूर, सस्ते दामों पर मिलेंगे डीएपी और एनपीके

नईदिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2025-26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक खादों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। यह फैसला किसानों को सस्ते दामों पर खाद मुहैया कराने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस योजना के लिए सरकार ने लगभग 37,952 करोड़ रुपये का बजट तय किया है, जो खरीफ सीजन की तुलना में करीब 736 करोड़ रुपये अधिक है। सरकार के इस फैसले से किसानों को रबी सीजन के दौरान डाई-अमोनियम फॉस्फेट और एनपीकेएस (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर) ग्रेड जैसी खादें किफायती दरों पर मिल सकेंगी। यह सब्सिडी 1 अक्टूबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी। सरकार का मकसद किसानों को जरूरी खाद सस्ते दामों पर और समय पर उपलब्ध कराना है ताकि उत्पादन पर कोई असर न पड़े।

### आज का कार्टून




### मेट्रो एंकर

### फ्लाइट सूट पहनकर फाइटर जेट में सवार हुईं राष्ट्रपति, टेक ऑफ से पहले हाथ हिलाया

## सुखोई के बाद अब राफेल... राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबाला में रचा इतिहास

नईदिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया। राष्ट्रपति ने ये उड़ान हरियाणा में स्थित अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से भरी। राष्ट्रपति की इस उड़ान को भारतीय वायुसेना के साथ-साथ पूरे देश के लिए गौरव का क्षण माना जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर हैं और इस नाते वह तीनों सेनाओं की कमांडर भी हैं। बता दें कि इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुखोई-3 एमकेआई लड़ाकू विमान में भी उड़ान भर चुकी हैं। यह उड़ान उन्होंने 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन से भरी थी। उस उड़ान के बाद राष्ट्रपति ने अपना अनुभव भी साझा किया था। उन्होंने कहा था कि वायुसेना के पायलटों की दक्षता और अनुशासन की जितनी सराहना की जाए उतनी ही कम है।

#### सुप्रीम कमांडर को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर...

राफेल में उड़ान भरने से पहले अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने स्वागत किया। एयरफोर्स के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट में राष्ट्रपति की उड़ान का यह अनुभव एयरफोर्स की आधुनिकता, क्षमता और



आत्मनिर्भर भारत के रक्षा प्रयासों का प्रतीक माना जा रहा है। खास बात यह है कि अंबाला वायुसेना स्टेशन, राफेल स्क्वाड्रन की तैनाती का प्रमुख केंद्र है और इसे भारत की हवाई सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है।

### एम्स....तो बिना चीरा लगाए हो रहा होता ब्रेन ट्यूमर का इलाज

# डेडलाइन पार फिर भी अधूरे 157 करोड़ के तीन प्रोजेक्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

देश के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल एम्स भोपाल में आज भी वो सुविधाएं नहीं हैं, जिनकी घोषणा सालों पहले हो चुकी थी। सितंबर 2022 में मंजूर हुआ 99 करोड़ का क्रिटिकल केयर यूनिट और 2019 में स्वीकृत 58 करोड़ का पीईटी सिटी स्कैन और गामा नाइफ सेंटर अब तक अधूरा है। जिस वजह से गंभीर रोगों के मरीज आज भी बेहतर इलाज की तलाश में दूसरे राज्यों में भटक रहे हैं। अब इस मामले में प्रबंधन का कहना है कि यह तीनों प्रोजेक्ट मार्च 2026 तक पूरे हो जाएंगे। वहीं, जून 2026 से यह सुविधाएं मरीजों को मिलने लगेंगी। हालांकि यह तीसरी बार है जब इन प्रोजेक्ट की डेडलाइन बढ़ाई गई है।

**गामा नाइफ का तो साल 2019 से हो रहा इंतजार-** ब्रेन कैंसर, ब्रेन ट्यूमर जैसी घातक बीमारियों के इलाज के लिए गामा नाइफ सबसे एडवांस तकनीक है। साल 2019 में इसके लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। तब से ही इसके शुरू होने का इंतजार हो रहा है। कोरोना के चलते दो साल काम अटक गया था। देखा जाए तो यह सुविधा आने में 7 साल लग रहे हैं। इसका उपयोग ज्यादातर नसों में मौजूद छोटे ट्यूमर खासकर ब्रेन ट्यूमर के लिए किया जाता है। इसमें रेडिएशन केवल ट्यूमर पर दिया जाता है, जो कैंसर सेल के अंदर मौजूद डीएनए को नष्ट कर देता है। यह 99 फीसदी कारगर है।इसमें एक साथ 150 गंभीर मरीजों के इलाज की सुविधा मिलेगी। 24 घंटे ऑपरेशन थिएटर सक्रिय रहते, जिससे इमरजेंसी सर्जरी में जान बचाई जा सकती थी। एक पूरी डेडिकेटेड टीम होगी जो सिर्फ क्रिटिकल मरीजों के इलाज से जुड़ी जिम्मेदारी निभाएगी। इससे मरीजों को फोकस्ड इलाज मिल सकेगा।

#### भोपाल ही नहीं प्रदेश के लिए जरूरी

इन सेंटर के तैयार होने के बाद गंभीर मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली मुंबई का बार-बार सफर नहीं करना पड़ेगा। मध्यप्रदेश समेत आसपास के राज्यों के लोगों को भी इसका फायदा मिलेगा। सरकारी सेंटर में सुविधा होने से जांच और इलाज का खर्च निजी अस्पतालों की तुलना में काफी कम होगा। पास में सुविधा होने से सही समय पर जांच से बीमारी की गंभीरता कम होगी।

#### पीईटी सीटी स्कैन

यह एक न्यूक्लियर इमेजिंग तकनीक है जो शरीर के सेलुलर लेवल पर हो रही गतिविधियों को दिखाता है। इसमें शरीर में एक रेडियोएक्टिव ट्रेसर इंजेक्ट किया जाता है। जो उन अंगों में जमा होता है, जहां अधिक मेटाबोलिक एक्टिविटी होती है। यह ट्रेसर कैंसर जैसी बीमारियों में अधिक मात्रा में जमा होता है क्योंकि ट्यूमर सेल्स ज्यादा सक्रिय होते हैं। फिर स्कैनर की मदद से यह रेडिएशन सिग्नल को पकड़ता है और कंप्यूटर की सहायता से अंगों की 6D इमेज तैयार की जाती है।

#### किन बीमारियों में फायदेमंद

कैंसर ट्यूमर की लोकेशन, आकार और फैलाव (मेटास्टेसिस) जानने में कारगर। इलाज के असर को मॉनिटर करने में भी उपयोगी। हृदय की मांसपेशियों की कार्यक्षमता और ब्लड फ्लो की जांच करता है। हार्ट अटैक के बाद क्षतिग्रस्त हिस्से की पहचान। पार्किंसन, एपिलेप्सी, अल्जाइमर जैसे न्यूरोलॉजिकल रोगों के निदान में मदद। ब्रेन में ब्लड फ्लो और मेटाबोलिज्म को ट्रैक करता है।

#### गामा नाइफ

गामा नाइफ कोई सर्जिकल नाइफ नहीं है बल्कि एक प्रकार की रेडियो सर्जरी है। इसमें गामा किरणों की 192-200 पतली बीम एक साथ ट्यूमर के केंद्र पर फोकस की जाती हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह नॉन-इनवेसिव होती है यानी इसमें न चीर-फाड़ होती है और न ही ब्लीडिंग। ट्यूमर पर केंद्रित रेडिएशन वहां की डीएनए स्ट्रक्चर को नष्ट कर देता है जिससे वह बढ़ना बंद कर देता है या सिकुड़ने लगता है।

## छठ महापर्व : भोजपुरी समाज ने अर्घ्य देकर की सुख समृद्धि की कामना



**हिरदाराम नगर.** छठ महापर्व के अवसर पर, मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रोटेम स्पीकर और वर्तमान हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने बैरागढ़ विसर्जन घाट पर आयोजित कार्यक्रम में डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सुख-समृद्धि की कामना की और भोजपुरी समाज को अपनी शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन भोजपुरी साहित्य एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति किया गया था। इस अवसर पर, संस्था के अध्यक्ष और कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के उपनिदेशक पंडित दिनेश कुमार मिश्रा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी दीपदान किया। चार दिवसीय यह महान पर्व नहाय-खाय से शुरू होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समाप्त होता है। प्राचीन काल से चली आ रही सूर्य उपासना के इस पर्व की धूम अब पूरे विश्व में फैल चुकी है। इस कार्यक्रम में सिंधी सेंट्रल पंचायत के सुरेश जसवानी, प्रकाश मीरचंदानी, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, भोपाल विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, चंद्र प्रकाश इसरानी, मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, भोजपुरी कवि अनिल मिश्रा, नंदकिशोर डाबी, अभिलाष मिश्रा, सत्यप्रकाश और राजू बाराने सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे और सभी को शुभकामनाएं दी गईं।

## विजयनगर में दो दिवसीय प्रकाश उत्सव

**हिरदाराम नगर.** श्री गुरु नानक देव जयंती पर सिंधी समाज उत्थान पंचायत विजयनगर द्वारा हरि शेवा गंगा दरबार में दो दिवसीय प्रकाश उत्सव मनाया जाएगा। पंचायत के महासचिव अशोक टिलवानी और उपाध्यक्ष वासु जेठानी ने बताया कि यह आयोजन 4 और 5 नवंबर को होगा। उत्सव के दौरान, अमृतसर के भाई मंजीत सिंह और उनके रागी जत्थे द्वारा मधुर सत्संग कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे माहौल भक्तिमय हो जाएगा। इस आध्यात्मिक आयोजन की समाप्ति पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। महासचिव और उपाध्यक्ष ने यह भी बताया कि 5 नवंबर को विजयनगर क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। पंचायत के सचिव कैलाश असवानी कहा कि गुरु नानक देव जी ने हमें यही संदेश दिया है कि मनुष्य में कोई भी भेद नहीं होना चाहिए और इस कलियुग में केवल हरि नाम संकीर्तन ही हमें भय रूपी संसार से पार पहुंचा सकता है।

## कलयुग में हनुमान चालीसा पाठ का ही सहारा- रामभूषण

### एक हजार बच्चों ने एक साथ किया चालीसा पाठ



**हिरदाराम नगर.** हर मंगलवार को संस्कार विद्यालय में एक हजार बच्चे एक साथ संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। इस मंगलवार पंचमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर के महामंडलेश्वर श्री रामभूषणजी महाराज बच्चों के बीच पहुंचे। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने बताया कि हनुमान जंयती पर मंदिर जाने के बाद उनके मन में विद्यालय में भी हर मंगलवार को हनुमान चालीसा और गीता के श्लोकों के वाचन की प्रेरणा मिली थी। रामभूषण ने कहा कि कलयुग में हनुमान चालीसा का पाठ करने से ही आपका हर कार्य सफल होगा। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन स्नान के बाद हनुमान चालीसा का पाठ करने और अपने धर्म, संस्कृति एवं माता-पिता से जुड़े रहने का संदेश दिया। चालीसा पाठ में समाजसेवी विष्णु बंसल, श्यामबाबू अग्रवाल, राजेन्द्र गर्ग, प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए।


**मेट्रो एंकर** मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप का दीपावली मिलन कार्यक्रम

## कलाकारों ने गीत संगीत गाकर दी बधाई

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो**

मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप द्वारा इस बार दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया। गीत-संगीत का कैरिओक के बीच एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में 32 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियाँ देकर श्रोताओं का मन मोह लिया और संगीत की एक खुशनुमा शाम बनाई। कार्यक्रम के संचालक रामचंद सभनानी रहे, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी राजू जाट ने संभाली। उप संचालक सुरेश तनवानी और सी के जेठानी तथा मुख्य सलाहकार रमेश जनयानी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यकारिणी में महासचिव अनिल मोतीरामानी और कोषाध्यक्ष के एल मोटवानी शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेठानंद तेजवानी थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में एडवोकेट संजय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन, एडवोकेट प्रदीप वर्मा और एडवोकेट शशिकांत मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ऋषिकेश थालनेकर ने किया। प्रस्तुति देने वाले प्रमुख कलाकार में खूबचंद मोहनानी, हरीश सावलानी, हरनाम पेसवानी, नरेश पेसवानी, अशोक चंचलानी, डॉ. ज्ञान रावतानी, अशोक आडवाणी, राजू दादलानी, रमेश चंदानी, घनश्याम माखीजानी, भगवान लीलानी, रमन यादव, रंजना वर्मा, शीतल बॉथम, मुकेश श्रीवास्तव, बलराम चडार, जितेंद्र खरे, बीनू यादव, बी के रायकवार, ईशा खान और राधारानी जी ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। कार्यक्रम संचालक रामचंद सभनानी ने सभी पदाधिकारियों, अतिथियों और श्रोताओं को दीपावली की बधाई दी। आभार व्यक्त करने का दायित्व उप संचालक सुरेश तनवानी जी ने संभाला।



### चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश, बगैर परमिशन नहीं हट सकेंगे अफसर

# सात फरवरी तक कलेक्टर, जॉइंट कलेक्टर, तहसीलदारों के तबादले रुके

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

प्रदेश में अब सात फरवरी तक कलेक्टर, एसडीएम (संयुक्त कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर), तहसीलदार के तबादले नहीं किए जा सकेंगे। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को निर्देश जारी कर कहा है कि इन अधिकारियों के तबादले SIR की प्रक्रिया पूरी होने तक नहीं किए जाएं। अत्यधिक जरूरी होने पर चुनाव आयोग की परमिशन के बाद तबादले किए जा सकेंगे। सरकार इस अवधि में सीनियर आईएएस अफसरों के तबादले कर सकेगी, इस पर कोई रोक नहीं रहेगी।

भारत निर्वाचन आयोग ने इसको लेकर जारी निर्देश में मुख्य सचिव से साफ तौर पर कहा है कि मतदाता सूची के काम में जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (जॉइंट कलेक्टर या डिप्टी कलेक्टर), सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसीलदार या नायब तहसीलदार) के तबादले एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के बाद नहीं होंगे।




आयोग ने कहा है कि मुख्य सचिव की यह भी जिम्मेदारी होगी कि किसी भी विधानसभा क्षेत्र में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पद रिक्त नहीं होना चाहिए ताकि आयोग द्वारा तय टाइमलाइन में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की कार्यवाही की जा सके। इस काम में आवश्यक बीएलओ और सुपरवाइजर्स की कमी भी नहीं हो, इसका ध्यान कलेक्टर और राज्य शासन रखेगा।

**अपर कलेक्टर प्रभावित नहीं, संभागायुक्त**

**मॉनिटरिंग करेंगे-** चुनाव आयोग ने वैसे तो तबादले से संभागायुक्तों को सीधे तौर पर प्रतिबंधित नहीं किया है लेकिन मतदाता सूची के परीक्षण की पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी संभागायुक्तों को सौंपी गई है। इसलिए संभागायुक्त भी तबादले से बचे रह सकते हैं। जिलों में पदस्थ अपर कलेक्टर स्तर के अधिकारी जो अपर कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत की जिम्मेदारी निभाते हैं वे जरूर चुनाव आयोग के तबादला प्रतिबंध के दायरे में नहीं आएंगे। सरकार उनके तबादले कर सकती है।

## आईपीएस, एसपीएस और सीनियर आईएएस पर भी रोक नहीं

चुनाव आयोग ने यह भी साफ किया है कि पुलिस अधीक्षक, आईजी और अन्य सीनियर आईपीएस के अलावा एसडीओपी, सीएसपी, डीएसपी स्तर के अधिकारी या टीआई भी किसी तरह के तबादले के प्रतिबंध में नहीं रहेंगे। सरकार चाहे तो मंत्रालय और विभिन्न विभागों में पदस्थ सीनियर आईएएस अफसरों के भी तबादले कर सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये अधिकारी मतदाता सूची के रजिस्ट्रीकरण की कार्यवाही से किसी तरह से सीधे तौर पर नहीं जुड़े हैं।

### कलेक्टरों, संभागायुक्तों की आज ट्रेनिंग

उधर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव झा ने बुधवार को प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा संभागायुक्तों को SIR की ट्रेनिंग देगा। इसको लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मंगलवार को सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि कलेक्टरों, संभागायुक्तों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये दी जाने वाली ट्रेनिंग में उपस्थित रहने के निर्देश शासन स्तर पर जारी किए जाएं।

### स्थापना दिवस पर शुरू होगी भोपाल-उज्जैन हेलिकाप्टर सेवा, सीएम का ऐलान

# नवंबर में नियमित रूप से तीन क्षेत्रों में शुरू होंगी हेलिकाप्टर सेवाएं

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर पीएम श्री पर्यटन हेली सेवा के अंतर्गत भोपाल से उज्जैन हेलिकाप्टर रवाना होगा। यह इस सेवा की सांकेतिक शुरुआत होगी और नवंबर माह में ही नियमित रूप से पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए हेलिकाप्टर सेवा संचालित होगी। मध्यप्रदेश में तीन विभिन्न क्षेत्रों के लिए हेलिकाप्टर सेवा संचालित की जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश के 9वें उज्जैन एयरपोर्ट के लिए एक नवंबर को अनुबंध से संबंधित कार्रवाई पूर्ण की जाएगी।**

मध्यप्रदेश पर्यटन के माध्यम से पर्यटकों और श्रद्धालुओं को रहवास और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि तीन क्षेत्रों में प्रथम क्षेत्र भोपाल से उज्जैन, इंदौर, मांडव और ओंकारेश्वर रहेगा। दूसरा क्षेत्र नर्मदापुरम जिले में स्थित हिल स्टेशन पचमढ़ी के साथ ही छिंदवाड़ा जिले के तामिया और छतरपुर जिले में स्थित विश्व धरोहर स्थल खजुराहो होगा।



## लाल परेड और रवीन्द्र भवन होंगे कार्यक्रमों का केन्द्र

तीसरी हेलिकाप्टर सेवा जबलपुर और कान्हा, पेंच और पन्ना राष्ट्रीय उद्यानों तक पर्यटकों के पहुंचने के लिए संचालित होगी। नवंबर माह में ही नियमित रूप से तीनों हेलिकाप्टर सेवाएं संचालित की जाएंगी। स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर 2 एवं 3 नवम्बर की शाम सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन होगा। एक नवंबर को उद्योग विभाग की ओर से निवेश संबंधी दो वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी एवं ऐप वॉश ऑन व्हील्स लॉन्च किया जाएगा। प्रदेश के स्थापना दिवस पर राजधानी और जिलों में विशेष कार्यक्रम होंगे। प्रदेश में गत 2 वर्ष में अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी विकास प्रदर्शनी के माध्यम से दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि लाल परेड ग्राउंड और रवीन्द्र भवन परिसर इन कार्यक्रमों के केंद्र होंगे। एक नवंबर को रवीन्द्र भवन में जहां 2 वर्ष में निवेश संवर्धन सहित अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी वहां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश से अर्जित उपलब्धियों की जानकारी भी प्रदर्शित की जाएगी।

### पार्श्व गायक देंगे प्रस्तुति

इस अवसर पर डिजिटल सेवाओं, मध्यप्रदेश ई-सेवा और इन्वेस्ट एमपी 3.0 पोर्टल का लोकार्पण होगा। उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के तहत हुए कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। वर्ष 2026 के लिए आगामी वर्ष की थीम की घोषणा भी की जाएगी। समृद्ध मध्यप्रदेश@ 2047 दृष्टि पत्र का विमोचन भी होगा। यह दृष्टिपत्र सुखद मध्यप्रदेश, संपन्न मध्यप्रदेश और सांस्कृतिक मध्यप्रदेश की परिकल्पना पर आधारित है। लाल परेड मैदान भोपाल में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंथन एवं प्रसिद्ध पार्श्वगायक जुबैन नोटियाल का गायन होगा।

### कांग्रेस में डिजिटल दौड़ तेज

# जीतू पटवारी का वॉइस ऑफ वॉइसलेस, सिंघार का जनपक्ष पॉडकास्ट लॉन्च के लिए तैयार

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्यप्रदेश की राजनीति में अब मैदान केवल सड़कों और सभाओं तक सीमित नहीं रहा अब लड़ाई डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी पहुंच गई है। कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश में पहली बार अपना आधिकारिक पॉडकास्ट चैनल शुरू करने की घोषणा की है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी अपने स्वतंत्र पॉडकास्ट की शुरूआत कर डिजिटल उपस्थिति को और सशक्त बनाने की कवायद शुरू कर दी है।



यह कदम न केवल कांग्रेस की नई संचार रणनीति को दशार्ता है, बल्कि पार्टी के भीतर उभर रही डिजिटल प्रतिस्पर्धा को भी उजागर करता है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हाल ही में एक आधुनिक पॉडकास्ट स्टूडियो तैयार किया गया है। इस स्टूडियो से कांग्रेस अपना पॉडकास्ट चैनल वॉइस ऑफ वॉइसलेस लॉन्च करने जा रही है। पार्टी का दावा है कि यह प्लेटफॉर्म उन लोगों की आवाज बनेगा जिनकी बात सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचती। इस पहल की अगुवाई प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कर रहे हैं। पार्टी के अनुसार, यह पॉडकास्ट कांग्रेस की विचारधारा, जनता से जुड़े मुद्दों और भाजपा सरकार की नीतियों की समीक्षा जनता तक सीधे पहुंचाएगा। प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कांमले ने बताया कि यह स्टूडियो पूरी तरह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सहयोग और आर्थिक योगदान से तैयार किया गया है। इसका मकसद यह है कि कांग्रेस के संदेश को किसी फिल्टर के बिना जनता तक सीधे पहुँचाया जा सके। यह पहल प्रदेश में पहली बार की जा रही है और सोशल मीडिया के हर प्लेटफॉर्म पर इसका प्रचार किया जाएगा।

### जनपक्ष बनेगा जनता की सच्ची आवाज

वॉइस ऑफ वॉइसलेस की घोषणा के बाद प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने अपने पॉडकास्ट जनपक्ष विद उमंग सिंघारह्व की घोषणा करते हुए कहा कि यह मंच जनता की पीड़ा और जमीनी हकीकतों को सामने लाएगा। सिंघार का यह पॉडकास्ट 1 नवंबर 2025 से प्रसारित होगा। पहला एपिसोड जनसेवा मित्रों की कहानीह्व विषय पर आधारित होगा, जिसमें वे सरकार की संवेदनहीनता और व्यवस्था की खामियों को उजागर करेंगे।सिंघार ने कहा है कि जनसेवा मित्रों की कहानी जनता के संघर्ष और प्रशासनिक तंत्र की सच्चाई को सामने लाएगी। मेरा प्रयास रहेगा कि जनपक्ष के माध्यम से जनता की आवाज को न केवल उठाया जाए, बल्कि उसका समाधान भी खोजा जाए।उनका पॉडकास्ट यूट्यूब, फेसबुक और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नियमित रूप से प्रसारित होगा।

### गेहूं पर स्टॉक सीमा तय, 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा आदेश

# खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी स्टॉक की जानकारी

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश, 2025 जारी किया गया है। इस आदेश के अनुसार देशभर में गेहूं पर नई स्टॉक सीमा 31 मार्च 2026 तक के लिए लागू की गई है।

मध्यप्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि भारत



सरकार ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में गेहूं के लिए अधिकतम स्टॉक सीमा निर्धारित की है।

मंत्री राजपूत ने बताया कि व्यापारी कि थोक विक्रेता के अधिकतम स्टॉक सीमा 2000 मीट्रिक टन, प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बिग चेन रिटेलर में प्रत्येक आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बशर्ते अधिकतम मात्रा कुल दुकानों की संख्या 8 गुणा होना चाहिए। यह अधिकतम स्टॉक होगा जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है। इसी प्रकार प्रोसेसर के लिए मासिक स्थापित क्षमता के 60 प्रतिशत को 2025-26 के शेष महीनों से गुणा के बराबर रखना होगा। मंत्री राजपूत ने बताया कि आदेश के तहत संबंधित विधिक इकाइयों को अपने स्टॉक की जानकारी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी।

### मिशन वात्सल्य'-हर बच्चे के सुरक्षित और उज्जवल भविष्य की दिशा में ठोस कदम

**भोपाल।** महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मंगलवार को 'मिशन वात्सल्य' योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि मिशन वात्सल्य केवल एक योजना नहीं, बल्कि हर बच्चे के उज्जवल भविष्य की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि राज्य का कोई भी बच्चा असुरक्षित या असहाय न रहे, और हर बच्चे को शिक्षा, संरक्षण और सम्मान का अधिकार मिले। मंत्री भूरिया ने कहा कि बच्चों के दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया को और आसान, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि होम विजिट की प्रक्रिया एक माह के भीतर पूरी कर ली जाए ताकि बच्चे शीघ्र सुरक्षित परिवारों से जुड़ सकें।

## राष्ट्रीय एकता दिवस परेडः गांधीनगर के केवडिया में मप्र के 334 जवान करेंगे कदमताल, गुजरात पहुंचा दल



भोपाल। गुजरात के गांधीनगर एवं केवडिया में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2025 में मध्यप्रदेश पुलिस के कुल 334 जवान भाग लेंगे। यह दल अदम्य उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की भावना के साथ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। मध्यप्रदेश पुलिस का कॉन्टिजेंट गांधीनगर तथा केवड़िया में रहकर प्रशिक्षण, रिहर्सल और परेड अभ्यास में संलग्न है। जवानों ने प्रतिकूल परिस्थितियां एवं गहन अभ्यास कार्यक्रमों के बावजूद अथक परिश्रम और एकजुटता के साथ अपने प्रदर्शन की तैयारी की है।

### रायसेन जिले में लगाए जाएंगे 78 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर अभियान के तहत रायसेन जिले में 78 हजार 854 स्मार्ट मीटर स्थापित किये जाएंगे। इसमें से अब तक एक हजार 919 से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किये जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर उपभोक्ता के लिए फायदेमंद है इसलिए सभी को स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनी का सहयोग करना चाहिए। स्मार्ट मीटर से अनेक फायदे हैं, जैसे रीडिंग में कोई गड़बड़ी नहीं होती है, मीटर रीडर भी घर पर रीडिंग लेने नहीं आता है, ऑटोमैटिक सटीक व पारदर्शी रीडिंग होती है। उपभोक्ता रियल टाइम खपत का डाटा भी देख सकते हैं।अगले महीने कितना बिल आ सकता है, यह फॉरकास्ट भी उपाय एप के माध्यम से देख सकते हैं।

**मेट्रो एंकर**

### देश के हृदय प्रदेश का 70वा स्थापना दिवस 1 नवंबर को

# महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य रहेगा समारोह का मुख्य आकर्षण

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

अतुल्य भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश अपना 70वां स्थापना दिवस अभ्युदय मध्यप्रदेश के रूप में मनाने जा रहा है। यह भव्य समारोह 1 से 3 नवंबर, 2025 तक भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित होगा। विरासत से विकास की यात्रा को दर्शाने वाला यह आयोजन उद्योग एवं रोजगार वर्ष की थीम पर आधारित है। इस तीन दिवसीय समारोह का मुख्य आकर्षण होगा महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य। इसके साथ ही सुप्रसिद्ध गायकों की सुगम संगीत प्रस्तुतियाँ, प्रदर्शनियाँ, शिल्प मेला और व्यंजन मेले जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएँगी। यह समारोह केवल सांस्कृतिक रंगों से ही नहीं सजेगा, बल्कि महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के मंचन से नागरिकों को यह जानने का अवसर मिलेगा कि मध्यप्रदेश का अतीत कितना गौरवशाली रहा है। सम्राट विक्रमादित्य, जिनके राज्य की पहचान जनकल्याण, सुशासन और शौर्य थी, वे हमारे लिए आज भी प्रेरणास्रोत हैं। विकसित राज्य और राष्ट्र की अवधारणा की प्रेरणा हमें ऐसे ही अतीत के महानायकों से मिली है।



### महानाट्य की भव्यता

विक्रमादित्य की गाथा को जन-जन तक पहुँचाने का यह चुनौतीपूर्ण संकल्प उज्जैन की संस्था विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति ने लिया है। लगभग 150 कलाकारों और 50 सहयोगियों द्वारा मंचित इस विराट प्रस्तुति में दृश्यों को सजीव बनाने के लिए अश्व (घोड़े), रथ, पालकी और ऊँट का भी प्रयोग किया गया है। तीन मंचों और एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट्स से इसे अत्यंत प्रभावी बनाया गया है। इस महानाट्य की प्रस्तुति को दिल्ली के लाल किला, हैदराबाद, आगरा सहित देश के अनेक प्रमुख शहरों में भरपूर सराहना मिली है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी स्वयं इस महानाट्य की प्रशंसा कर चुके हैं। अब यह

**महानाट्य का भव्य मंचन-** सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और उनके महान योगदान से जनता को परिचित कराने के लिए यह महानाट्य 2 और 3 नवंबर, 2025 को सायं 6:30 बजे से लाल परेड मैदान भोपाल में दो दिनों तक मंचित किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रदेश के वैभवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना है।

**सम्राट विक्रमादित्य का वैश्विक सम्मान-** विक्रमादित्य भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय सम्राट नायक माने जाते हैं। उनकी वीरता, देश को पराधीनता से मुक्त करने की उत्कृष्ट अभिलाषा, राजनीतिक उपलब्धियाँ, न्याय की अनोखी पद्धति और कला-साहित्य को दिए गए उदार संरक्षण ने उन्हें केवल भारत में ही नहीं बल्कि सुदूर देशों में भी प्रतिष्ठित किया है।

**विक्रम संवत काल गणना का सर्वश्रेष्ठ आधार-** विक्रमादित्य ने शकों और यवनों के आतंक से भारत को मुक्त कराया था। उन्होंने 96 शक सामंतों को पराजित कर उन्हें देश छोड़ने पर विवश किया जिसके बाद उन्हें शकारि और साहसांक जैसी उपाधियाँ मिलीं। आज 2082 वर्ष पूर्व उनके द्वारा प्रारंभ किया गया विक्रम संवत न केवल भारत में बल्कि दुनिया में भी काल गणना का सर्वश्रेष्ठ आधार है।

**ज्ञान और कला का प्रतीक दरबार-** बेताल पच्चीसी और सिंहासन बत्तीसी में उनके अद्भुत न्याय, वीरता और महानता की कथाएं प्रचलित हैं। उनके दरबार में कालिदास, वराहमिहिर, धन्वंतरि जैसे नवरत्न थे, जो जनकल्याणकारी कार्यों में संलग्न रहते थे।

## अब कोलकाता में घटना

अमेरिका ने इस साल जून में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी कि भारत में महिलाएं अकेले यात्रा न करें। इस एडवाइजरी में कुछ राज्यों का जिक्र करते हुए कहा गया था कि भारत में रेप के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जब यह सलाह आई, तो काफी हंगामा मचा। इसे भारत के अपमान के तौर पर देखा गया, लेकिन इंदौर और कोलकाता की हालिया घटनाएं बताती हैं कि देश में महिलाओं की सुरक्षा वाकई चिंताजनक है।

**बस दो केस नहीं:** इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों से छेड़छाड़ हुई, जबकि कोलकाता में एक पांच सितारा होटल के नाइट क्लब में महिला से यौन हिंसा की गई। इंदौर की घटना दिन के उजाले में हुई, कोलकाता की रात में, लेकिन दोनों वारदात भीड़ भरे इलाकों में हुई। दोनों जगह पुलिस ने तुरंत कार्रवाई का दावा किया, पर यह समस्या केवल

**हर जगह असुरक्षित:** आम धारणा है कि देश के दूरदराज के इलाकों, छोटे शहरों या कस्बों के मुकाबले महानगरों में महिलाएं ज्यादा सुरक्षित हैं - वहां वे अपनी पसंद का पहन सकती हैं, कहीं आ-जा सकती हैं, लेकिन ये दोनों केस इस धारणा को गलत साबित करते हैं। इससे यही जाहिर होता है कि जगह कोई भी हो, लेकिन महिलाओं को लेकर सोच कमोबेश एक जैसी है और हर जगह उन्हें एक जैसे खतरों व चुनौती का सामना करना पड़ता है।

**अपराध की लंबी लिस्ट:** इंदौर और कोलकाता को केवल इसलिए भी महज दो घटनाएं कहकर खारिज नहीं कर सकते, क्योंकि देश में हर दिन ऐसी सैकड़ों घटनाएं होती हैं। NCRB का डेटा बताता है कि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4.5 लाख केस दर्ज किए गए। इसमें करीब 84 हजार केस छेड़खानी के थे, जबकि 29 हजार से ज्यादा मामले रेप के।

गैर जिम्मेदार बयानबाजी-इन आंकड़ों को खंगालिए तो पता चलता है कि महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं हैं - न घर में न बाहर। और अपराध की छाया हर उम्र पर पड़ रही है। ऐसे माहौल में जब मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के जैसा बयान आता है, जिसमें जिम्मेदारी पीड़िताओं पर डाल दी जाती है, तो इससे एक तरह से आरोपियों को बचने की ढाल मिल जाती है।

भरोसे का सवालः क्रिकेट विश्वकप बड़ा इवेंट है। आगे भी देश को कई बड़े आयोजनों की मेजबानी करनी है, पर ऐसी वारदात से विदेशी पर्यटकों, दर्शकों, खिलाड़ियों में भरोसा कम होता है। वारदात के बाद सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करना पर्याप्त नहीं है, जब तक समाज महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं बनेगा, तब तक आधी आबादी असल में सुरक्षित नहीं हो सकती।

# फूहड़ता का आकर्षण और वर्चुअल समाज की विडंबना, भाषा के साथ समाज भी गिरेगा

डॉ प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार



कुछ समय पहले तक मुझे यह गलतफहमी थी कि सोशल मीडिया पर केवल रील्स और वीडियोज़ में वल्गर या बेहूदा कंटेन्ट ही ज्यादा देखा जाता है। सोचती थी कि शायद यह दृश्य माध्यम का प्रभाव है- जहाँ चमक, शरीर और शोर ही बिकता है। पर हाल के दिनों में कुछ लम्बी पोस्टें पढ़ कर भ्रम टूटा। अब केवल दृश्य नहीं, भाषा भी बिकाऊ हो गई है। फूहड़पन अब सिर्फ कैमरे के सामने नहीं, कलम की नोक पर भी नाच रहा है। इन पोस्टों में विषय तो वही पुराने और 'ट्रेंडिंग' हैं- पुरुषों को कोसना, संबंधों में स्त्री की पीड़ा या समाज की संकीर्णता। पर इन सबके बीच सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन विचारों को जिस भाषा में व्यक्त किया जा रहा है, वह भाषा नहीं, गाली का उत्सव लगती है। लाइक्स और कमेंट्स की बरसात होती है और भीड़ ताली बजाती है- मानो फूहड़ता अब किसी नई 'साहित्यिक विधा' का नाम बन चुकी हो।



कभी कहा जाता था कि लिखना, दिखने से कहीं कठिन होता है। लिखना मतलब सोचना, मनन करना, किसी विषय पर आत्मा से उतरकर बोलना। शब्द कभी भीड़ को लुभाने का नहीं, समाज को सजग करने का माध्यम होते थे। लेकिन आज इस संतुलन को एक नई भूख ने निगल लिया है- लोकप्रियता की भूख। अब जो सबसे तेज़, सबसे तीखा और सबसे विवादित लिखेगा, वही सबसे ज्यादा देखा जाएगा। 'क्लिक' और 'कमेंट' की इस दौड़ ने शब्दों की गरिमा को लगभग निचोड़ कर रख दिया है। अब भाषा का अर्थ अभिव्यक्ति नहीं, उत्तेजना रह गया है। यह प्रवृत्ति केवल अनपढ़ या असंवेदनशील वर्ग तक सीमित नहीं- कई बार वही लोग, जो समाज में सुधार, परिवार में संस्कार और रिश्तों में मधुरता की बातें करते हैं, इन पोस्टों पर टूट पड़ते हैं। वे न केवल इन्हें पढ़ते हैं बल्कि 'लाइक', 'हार्ट' और 'फायर' इमोजी भेजकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं- जैसे यह कोई सांस्कृतिक आंदोलन हो।

यह सवाल सबसे ज्यादा चुभता है- आखिर इस फूहड़ता में आकर्षण क्या है? क्या लोग वास्तव में इन विचारों से सहमत हैं या बस भीड़ में शामिल हो जाने की मजबूरी है? मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो सोशल मीडिया ने व्यक्ति को 'अदृश्य पहचान' दी है। अब वह जो कहना, करना या दिखाना असल ज़िंदगी में नहीं कर सकता, उसे वह वर्चुअल दुनिया में निर्भीक होकर कर सकता है। यह आज़ादी धीरे-धीरे अराजकता में बदल गई है। भाषा की मर्यादा, सामाजिक संवेदना और दूसरों की गरिमा- सब पर खुली छूट मिल गई है।

किसी का अपमान करना, समूहों को उकसाना, व्यंग्य में विष घोलना- यह सब अब 'क्रिएटिविटी' कहलाता है। फूहड़ भाषा को 'निर्भीक अभिव्यक्ति' बताया जा रहा है और सभ्य संवाद को 'पाखंड'। विचारों की जगह शब्दों का शोर छा गया है। विडंबना यह है कि यही समाज घर में बच्चों को मर्यादा, संस्कार और आदर का पाठ पढ़ाता है, मगर वर्चुअल मंच पर वही लोग अपशब्दों की पोस्ट पर हंसते हुए इमोजी भेजते हैं। यानी हमारी वास्तविक और वर्चुअल नैतिकता में ज़मीन-आसमान का अंतर है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स ने हमें संवाद का अवसर दिया था, पर हम उसे विवाद का अखाड़ा बना बैठे। जहाँ पहले विचारों की टकराहट होती थी, वहाँ अब शब्दों की लाठियाँ चलती हैं।

यह प्रवृत्ति केवल भाषा की समस्या नहीं, सामाजिक संस्कृति के क्षरण का संकेत है। क्योंकि जब शब्द दूषित होते हैं, तो विचार भी विकृत हो जाते हैं। जब विचार विकृत होते हैं, तो समाज में असहिष्णुता पनपती है। आज यही हो रहा है- हर वर्ग अपने पक्ष को 'एकमात्र सत्य' मानने लगा है और जो असहमत है, उसके लिए अपशब्द तैयार रखे हैं।

कला, चाहे लेखन हो या अभिनय- समाज से संवाद का माध्यम है। लेकिन संवाद और प्रहार में फर्क होता है। जो शब्द किसी की गरिमा को चोट पहुँचाएँ, वे अभिव्यक्ति नहीं, आक्रोश का प्रदर्शन हैं। जब यह आक्रोश लोकप्रियता के रास्ते का शॉर्टकट बन जाए, तब समाज को आत्ममंथन करना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि हम लोकप्रियता और गरिमा के बीच अंतर समझें। लिखना सिर्फ 'लोग क्या कहेंगे' के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि 'मैं क्या कहना चाहता हूँ' के लिए होना चाहिए। सच्चा लेखक भीड़ से नहीं, विवेक से संवाद करता है। लेकिन अफसोस, आज सोशल मीडिया ने साहित्य को मनोरंजन और विचार को व्यापार बना दिया है। सोशल मीडिया अब किसी एक व्यक्ति का नहीं, पूरे समाज का दर्पण है। यहाँ जो लिखा, कहा और साझा किया जा रहा है- वही हमारी सामूहिक सोच बन रहा है। अगर हम चाहते हैं कि समाज में शालीनता और संवेदना बनी रहे, तो हमें वर्चुअल व्यवहार में भी वही अनुशासन अपनाना होगा जो वास्तविक जीवन में अपनाते हैं। फूहड़ शब्दों की लोकप्रियता अल्पकालिक है, पर उनका प्रभाव गहरा और दीर्घकालिक। विचारों की ताकत शब्दों की मर्यादा में ही बसती है, न कि उनकी अशालीनता में। इसलिए अब वक्त है कि हम ठहरकर सोचें- क्या हम वाकई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल कर रहे हैं या बस असभ्यता की स्वतंत्रता का जश्न मना रहे हैं? अगर जवाब दूसरा है तो हमें याद रखना चाहिए- सभ्यता की पहली पहचान भाषा होती है और जब भाषा गिरती है तो समाज भी गिर जाता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# अमित शाह के मिशन जय - विजय की अधूरी आकांक्षा, नीतीश और महागठबंधन

कुमार कृष्णन
टिप्पणीकार



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सपना अगले पाँच दशकों तक पंचायत से लेकर संसद तक भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में देखना है। नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में भाजपा अध्यक्ष के रूप में, शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बार-बार इस दीर्घकालिक दृष्टिकोण के लिए खुद को समर्पित करने का आग्रह किया था। बिहार का उस सपने में एक विशेष स्थान है। शाह 2015 में उनके नेतृत्व में राज्य में भाजपा को मिले उस झटके को नहीं भूले हैं, जब समाजवादी दिग्गज लालू प्रसाद और नीतीश कुमार ने भाजपा की सत्ता की कोशिश को विफल करने के लिए हाथ मिलाया था। उनके करीबी लोगों के अनुसार, बिहार से ज़्यादा, कुमार का विश्वासघात—भाजपा को छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल के साथ गठबंधन करने का उनका फैसला—शाह को खटक रहा है।





नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में वापस आ गए हैं, लेकिन भाजपा के एकछत्र शासन की उनकी आकांक्षा अभी भी अधूरी है। बिहार में एक और चुनाव होने जा रहा है, शाह अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। वह न केवल बंद दरवाजों के पीछे रणनीति बना रहे हैं, बल्कि चुनाव प्रचार में भी आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। जहां मोदी ने शुक्रवार को दो रैलियों के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, वहीं शाह ने भी उनकी गति से कदमताल मिलाते हुए उसी दिन दो रैलियां तथा शनिवार को बिना रूके दो रैलियां खगड़िया और मुंगेर में कीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को मुंगेर व खगड़िया की धरती पर पांच वर्ष बाद उनका यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माना था। इससे पूर्व 2020 के विधानसभा चुनाव में वे मुंगेर आए थे। इस बार नौवागढ़ी में आयोजित जनसभा के माध्यम से वे न सिर्फ मुंगेर, बल्कि आसपास के जिलों खगड़िया, बांका, लखीसराय और जमुई के एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में वोट की अपील की। इससे पहले खगड़िया में खगड़िया मुख्यालय (संसारपुर मैदान) की सभा रद्द होने से तेजस्वी यादव भड़क उठे।इसे तानाशाही रवैया करार दिया। तेजस्वी ने आरोप लगाया, भाजपा और प्रशासन को जनता की भीड़ से डर लग रहा है। लेकिन जनता अब किसी के दबाव में आने वाली नहीं है। जनता का मूड भांपना कठिन है। मुंगेर में मंच पर पहुंचने के बाद अमित शाह ने देखा कि दर्शक दीर्घा में कुर्सियां खाली हैं। स्वागत समारोह के दौरान, भीड़ कम होने पर उन्होंने मंच संचालन कर रहीं अंजू भारद्वाज को इशारा किया और प्रदेश अध्यक्ष से संबोधन शुरू करने को कहा। इसी बीच, गृह मंत्री अपनी कुर्सी से उठकर खड़े हो गए और मंच से ही सुरक्षा में लगे पुलिस जवानों को निर्देश दिया कि वे चेकिंग हटा दें और लोगों को बिना जांच के कार्यक्रम स्थल पर आने दें। अमित शाह जंगल राज का हवाला देते रहे है।वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने सत्तारूढ़ एनडीए के साथ चुनावी जंग शुरू कर दी, जिसकी सरकार ने बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान कई मुफ्त योजनाओं की घोषणा की थी।

वहीं महागठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में घोषित तेजस्वी यादव ने राजद नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया कि बिहार में सत्तारूढ़ राजग खत्म होने की राह पर है और महागठबंधन के नेतृत्व वाली राज्य की नई सरकार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में डाल देगी। यह कहकर मुस्लिम मतदाताओं की ओर जहां पासा फेंका, वहीं उन्होंने सत्ता में आने पर पंचायत प्रतिनिधियों के भत्ते दोगुने करने और उन्हें पेंशन देने का वादा किया। उन्होंने बढ़ई, कुम्हार और नाइयों को 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त व्यावसायिक ऋण देने का वादा किया।तेजस्वी, ने पहले हर परिवार से कम से कम एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने और संविदा कर्मचारियों को स्थायी रोजगार देने का वादा किया था, ने अपने व्यापक कल्याणकारी एजेंडे के वित्तीय रोडमैप का ब्यौरा देने से परहेज किया।जब उनसे पूछा गया कि नकदी की तंगी की स्थिति में वे धन का प्रबंध कैसे करेंगे, तो उन्होंने कहा, हमने वैज्ञानिक अध्ययन किया है और यह किया जा सकता है। तेजस्वी अपने वादे पूरे करते हैं।तेजस्वी ने पटना में मीडिया से कहा, महागठबंधन की सरकार बनने पर हम बिहार की त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था और ग्रामकचहरी के प्रतिनिधियों का मानदेय दोगुना कर देंगे।पंचायतों और ग्राम कचहरियों के प्रतिनिधि पेंशन की मांग कर रहे हैं। हमने तय किया है कि उन्हें पेंशन मिलेगी और साथ ही 50 लाख रुपये का बीमा कवरेज भी मिलेगा।

तेजस्वी के बड़े-बड़े वादे नीतीश कुमार सरकार की नवीनतम घोषणाओं से आगे निकलने की उनकी उत्सुकता को दर्शाते हैं।विधवाओं और विकलांगों के लिए पेंशन 400 रुपये से बढ़ाकर 1,100 रुपये प्रति माह करने के अलावा, नीतीश ने ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 1 करोड़ से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 10,000 रुपये की नकद राशि हस्तांतरित की है ।जून में, राज्य सरकार ने बिहार की 8,053 ग्राम पंचायतों, 533 पंचायत समितियों और 38 जिला परिषदों के प्रतिनिधियों के भत्ते और अन्य लाभ बढ़ा दिए।नीतीश ने जिला परिषद अध्यक्षों का मासिक भत्ता ? 20,000 से बढ़ाकर ? 30,000 कर दिया है , उपाध्यक्षों का मासिक भत्ता ? 10,000 से बढ़ाकर ? 20,000 कर दिया है। मुखियाओं (पंचायत प्रमुखों) का मासिक भत्ता ? 5,000 से बढ़ाकर ? 7,500 कर दिया गया है ।तेजस्वी का बढ़ई, कुम्हार और नाई जैसे कारीगरों को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण देने का वादा, अति पिछड़े वर्गों तक पहुंच बनाने का प्रयास प्रतीत होता है।तेजस्वी ने कहा, बिहार बदलाव के लिए तरस रहा है; लोग वर्तमान सरकार से तंग आ चुके हैं।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।) **–साभार**

## सुविचार

*सबसे कठिन काम है कार्य करने का निर्णय लेना; बाकी सब केवल दृढ़ता है।*

*–अज्ञात*

## निशाना

### चुनाव-चकल्लस..!



**कुमार अखिलेश**

हर कोई खुद में सिमटता जा रहा..!
हर कोई खुद में ही सिमटता जा रहा है,
धीरे धीरे हर शख्स मिटता जा रहा है,
इस दुनिया में तरक्की की अंधी होड़ में,
अपनी ही दुनिया से कटता जा रहा है,
भौतिक चीजों को समेंटने के यह फेर में,
यह इंसान खुद उसमें बंटता जा रहा है,
अपना झूठा कद जमाने
में बढ़ाने के लिए,
आदमी अंदर से खुद में
घटता जा रहा है,
अपनी हद को आगे बढ़ाने के लिए,
आदमी अपनी हद से बढ़ता जा रहा है,
जीवन में लक्ष्य की लक्ष्मण
रेखा खींची नहीं,
दौड़ने के नाम पे वो
घिससटता जा रहा है ,
बाहर से जो आपको खुश
बहुत है दिख रहा,
अंदर से जा के देखिए वो
सिसकता जा रहा है।

## पेरेंटिंग: कुछ बातें बेटे को सिखाएंगे तो कामयाबी के साथ अच्छा इंसान बनने में मिलेगी मदद



**एक** बच्चे की परवरिश में मां और पिता दोनों की अहम भूमिका होती है। दोनों मिलकर न सिर्फ उसका पालन-पोषण करते हैं, बल्कि उसे एक अच्छा, समझदार और संवेदनशील इंसान बनाना भी सिखाते हैं। हालांकि, इसी क्रम में अगर खासकर पिता की भूमिका की बात करें, तो कुछ बातें ऐसी होती हैं जो हर पिता को अपने बेटे को जरूर सिखानी चाहिए ताकि वह जिंदगी में सिर्फ कामयाब ही नहीं, बल्कि एक नेक, ईमानदार और दूसरों का सम्मान करने वाला इंसान भी बन सके। पेरेंटिंग कोच पुष्पा शर्मा उन बातों का जिक्र करती हैं जो पिता अपने बेटे को सिखा सकते हैं।

पुष्प शर्मा के अनुसार हर पिता को अपने बेटे को ये जरूर सिखाना चाहिए कि जब भी किसी से मिलो, उसकी आंखों में देखकर आत्मविश्वास से हाथ मिलाओ। साथ ही, फादर को बेटे को यह भी बताना चाहिए कि दुनिया में सेहत से बड़ा कोई धन नहीं होता। अगर तुम्हारे पास अच्छी सेहत है, तो समझो तुम्हारे पास सब कुछ है।इसलिए, खुद को फिट रखो।

**गुस्से को कंट्रोल करना सीखो:** पुष्पा कहती हैं कि फादर्स अपने लाडले को यह समझाएं कि? चाहे कैसी भी स्थिति हो, लेकिन यह आना चाहिए कि अपनी बात कैसे साफ और पूरे आत्मविश्वास के साथ करनी है। व्यवहार में कॉन्फिडेंस झलकना चाहिए। साथ ही गुस्सा हमें कंट्रोल न करे, बल्कि हमें इतना स्ट्रॉन्ग बनना चाहिए कि हम अपने एंगर को कंट्रोल कर सकें। एक्सपर्ट कहती हैं कि बेटों को सिखाना चाहिए कि वेटर, क्लीनर्स, गार्ड्स या किसी भी व्यक्ति के साथ हमेशा सम्मानजनक तरीके से पेश आएं। साथ ही, बहाने बनाना छोड़कर जिम्मेदारी उठाना सीखें, क्योंकि यही आदत उन्हें जीवन में भरोसेमंद और मजबूत इंसान बनाएगी।

**समय की इज्जत करो:** कोच कहती हैं कि पिता अपने बेटों को यह भी सिखाएं कि अपना आत्मसम्मान खोए बिना असफलता (failure) को कैसे संभालना चाहिए। समय की इज्जत करना सीखें, सुबह जल्दी उठें और फिजूलखर्ची से बचें। साथ ही यह भी बताएं कि पैसा सिर्फ खर्च करने के लिए नहीं होता, बल्कि उसे समझदारी से सही जगह निवेश करना चाहिए। हर बेटे को बेसिक कुकिंग स्किल्स जरूर सीखनी चाहिए। साथ ही, सब कुछ जानने का दिखावा करने के बजाय सवाल पूछना सीखें, क्योंकि सीखने वाला ही आगे बढ़ता है। सबसे अहम बात, विनम्र होना कभी कमजोरी नहीं होती, बल्कि यह इंसान की सबसे बड़ी ताकत होती है।

## हेल्थ अपडेट

# सीमित मात्रा में सेहत के लिए बढ़िया चिली ऑयल, दिल की सुरक्षा और कैंसर से बचाव का कवच

**दाल** हो या सब्जी, खाने का स्वाद तब तक अधूरा है जब तक उसमें थोड़ी मिर्च ना पड़ जाए। हालांकि सूखे लाल मिर्च से सिर्फ भोजन का स्वाद नहीं बढ़ता बल्कि इसे खाने से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। यहां हम आपको चिली ऑयल के फायदों के बारे में बता रहे हैं। चिली ऑयल से भोजन ना सिर्फ स्वादिष्ट बनता है बल्कि इसे काफी हेल्दी भी माना जाता है। इस ऑयल का इस्तेमाल ज्यादातर कोरियाई और चाइनीज फूड्स के लिए किया जाता है। चिली ऑयल या लाल मिर्च का तेल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसके सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से भी बचाव संभव है। साल 2022 में छपी एक स्टडी के अनुसार चिली पेपर्स में मौजूद कैप्साइसिन एक ऐसा एक्टिव कंपाउंड है जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने और हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाने के अलावा डाइजेशन से जुड़ी समस्याओं को दूर कर सकता है और यह इंफ्लेमेशन को भी कम करने में मदद करता है।





**पोषक तत्वों से भरपूर:** दअरसल चिली ऑयल एक मसाला होता है जो वनस्पति ऑयल में लाल मिर्च और दूसरे मसालों को मिलाकर बनाया जाता है। इसका रंग रेडिश ऑरेंज होता है। आमतौर पर इसका इस्तेमाल कई एशियाई व्यंजनों में किया जाता है। नूडल्स, अंडे और पास्ता पर इसे छिड़का जाता है। चिली ऑयल को सॉस के रूप में भी किया जाता है। लाल मिर्च के तेल में सेहत का खजाना छिपा होता है। इसमें मौजूद कैप्साइसिन नामक तत्व से मिर्च में तीखापन आता है। इसके अलावा मिर्च के तेल में विटामिन सी विटामिन ने एंटीऑक्सीडेंट और जरूरी फैटी एसिड भी पाए जाते हैं। लाल मिर्च के तेल में मौजूद गुणों के कारण इसका उपयोग कई औषधीय कामों में भी किया जाता है।

चिली ऑयल के जो फायदे हैं उनमे यह पेट के लिए फायदेमंद है और बढ़िया दर्द निवारक भी है। वजन घटने में सहायक?, दिल की सेहत के लिए लाभकारी, मजबूत होगी इम्युनिटी और कैंसररोधी गुण चिली ऑयल खाने के कई फायदे होते हैं लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। इसके अलावा इसे सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए जैसे एक्सपर्ट के अनुसार फ्रेश और क्लीन ऑयल का इस्तेमाल करें। तेल को ओवरहीट ना करें और एयरटाइट जार में स्टोर करें। नूडल्स, सूप आदि के स्वाद को बढ़ाने के लिए केवल एक टी स्पून ऑयल यूज करें। अच्छी क्वालिटी के इंग्रेडिएंट्स से घर पर ही चिली ऑयल बनाना ज्यादा हेल्दी होता है

**चिली ऑयल का उपयोग:** चिली ऑयल खाने के कई शानदार और हेल्दी तरीके मौजूद हैं जैसे इसे शकरकंद के साथ खाएं, टमाटर पर छिड़कर खाएं, फ्राई किए हुए अंडे के साथ , खीरे पर छिड़ककर और उबली हुई सब्जियों में मिला सकते हैं। सेहत के लिए चिली ऑयल खाने के कई फायदे होते हैं लेकिन अगर आप जरूरत से ज्यादा इसका सेवन कर रहे हैं तो स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती है जैसे मोटापा, हार्ट डिजीज, पाचन से जुड़ी समस्याएं या अल्सर, लिवर में गड़बड़ी और शरीर में सूजन आदि।

## न्यू लाँच

# 300 इंच की बड़ी स्क्रीन पर घर में मूवी का मज़ा, बिना फोन-लैपटॉप के भी काम करेंगे प्रोजेक्टर

पोर्ट्रोनिक्स ने भारत में अपना नया Beem 550 स्मार्ट LED प्रोजेक्टर लॉन्च कर दिया है। यह प्रोजेक्टर 1080p की नेटिव रेजोल्यूशन और 6000 लुमेन की ब्राइटनेस के साथ आता है। इस कारण दिन की रोशनी में भी साफ प्रोजेक्शन करता है। इसमें 100 इंच तक की स्क्रीन साइज सपोर्ट मिलता है। इसमें दी गई स्ध्वष्ठ लैंप 40,000 घंटे तक चलती है। यह प्रोजेक्टर ऑटोफोकस और ऑटो कीस्टोन करेक्शन जैसी सुविधाओं के साथ आता है। इसके अलावा, XElectron ने भी भारत में अपने स्मार्ट प्रोजेक्टर की रेंज को बढ़ाते हुए iProjector v Plus और iProjector 2 Plus लॉन्च किए हैं। ये दोनों ही मॉडल फुल HD रेजोल्यूशन, LED प्रोजेक्शन टेक्नोलॉजी और बिल्ट-इन वायरलेस कनेक्टिविटी के साथ आते हैं। इन्हें घर, ऑफिस और पढ़ाई के लिए सही विकल्प है।



**कीमत 10 हजार से कम:** घर में थिएटर का फील पाने के लिए प्रोजेक्टर सबसे अच्छा तरीका है। पोर्ट्रोनिक्स के प्रोजेक्टर में टेलिस्कोपिक मोनोपॉड स्टैंड भी है, जिससे आप इसकी ऊंचाई और एंगल को एडजस्ट कर सकते हैं। इसका कॉम्पैक्ट और फोल्डेबल डिजाइन इसे कहीं भी ले जाने और सेट करने में आसान बनाता है। यहAndroid TV पर चलता है। इसमें Netflix, Prime Video, Disney+ Hotstar और YouTube जैसे ऐप्स पहले से ही इंस्टॉल मिलते हैं। इस कारण आप सीधा स्ट्रीम कर सकते हैं। फोन या लैपटॉप से कनेक्ट करने की जरूरत नहीं है। आप सीधे स्ट्रीमिंग का मजा ले सकते हैं। कनेक्टिविटी के लिए इसमें डुअल-बैंड Wi-Fi, ब्लूटूथ 5.0, HDMI, USB और AUX पोर्ट लगे हैं। इसमें 5W का स्पीकर भी लगा है। इसकी कीमत 9,999 रुपये है। प्रोजेक्टर को Amazon और Flipkart के साथ-साथ अन्य रिटेल स्टोर्स से खरीदा जा सकता है।

XElectron iProjector 1 Plus प्रोजेक्टर नेटिव फुल HD (1920 म 1080) रेजोल्यूशन के साथ आता है और 4K इनपुट प्लेबैक को भी सपोर्ट करता है। इसमें ऑटो स्क्रीन अलाइनमेंट फीचर है, जो स्क्रीन को अपने आप एडजस्ट कर देता है।

XElectron iProjector 2 Plus प्रोजेक्टर में ऑटो फोकस की सुविधा दी गई है, जो इमेज को अपने आप फोकस कर देता है। इसमें भी LED लाइटिंग और स्ध्वष्ठ प्रोजेक्शन सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। इसके बिल्ट-इन ब्लूटूथ स्पीकर आवाज को और बेहतर बनाता है। यह प्रोजेक्टर भी 300 इंच तक की स्क्रीन साइज को सपोर्ट करता है और वाई-फाई कनेक्टिविटी के साथ आता है।

iProjector 1 Plus की कीमत 15,990 रुपये और iProjector 2 Plus की कीमत 17,990 रुपये है। इन्हें भी अमेजन और फ्लिपकार्ट आदि से

### मां शारदा स्कूल की मान्यता में फर्जीवाड़े का मामला, तीन दिन की मोहलत लेकर सुविधाएं जुटाने का प्रयास

# शिक्षा विभाग की टीम को जांच से रोक रहे प्राचार्य, अधिकारी भी मेहरबान

**अजय आहूजा, मंडीदीप**




शहर के सतलापुर इलाके में स्थित मां शारदा हायर सेकंडरी स्कूल की मान्यता में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का मामला लगातार सुर्खियों मे बना हुआ है। स्थानीय निवासी बंटी चौहान की शिकायत पर शिक्षा विभाग ने जांच तो शुरू की है, लेकिन स्कूल प्रबंधन द्वारा जांच टीम को बार-बार रोका जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, विभाग के अधिकारी स्कूल संचालक को मोहलत देकर मामले को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे जांच प्रभावित हो रही है। शिकायतकर्ता बंटी चौहान ने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने मान्यता प्राप्त करने के लिए दस्तावेजों में हेराफेरी की गई है। शिक्षा विभाग की टीम ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिव नारायण चौहान के नेतृत्व में जांच के लिए पहली बार स्कूल पहुंची, तो प्राचार्य संजीव चौहान ने स्कूल में ताला जड़कर टीम को प्रवेश से रोक दिया। सोमवार को दूसरी बार जांच के लिए पहुंची टीम को प्राचार्य ने गुमराह करते हुए तीन दिन का समय मांग लिया। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान प्राचार्य द्वारा स्कूल में जो बुनियादी सुविधाएं मौजूद नहीं हैं, उन्हें जल्दबाजी में मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर विधायक पटवा का दबाव होने की बात कही जा रही है, जिसके चलते संचालक को बार-बार समय दिया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं करेगा, तो उन्हें मजबूरन न्यायालय का रुख करना पड़ेगा। शिक्षा विभाग के जिला अधिकारी डीडी रजक ने बताया कि जांच प्रक्रिया जारी है, लेकिन स्कूल प्रबंधन का सहयोग न मिलने से अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं बनी है। इस मामले में स्कूल की मान्यता रद्द करने या अन्य सख्त कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। स्थानीय अभिभावक और समाजसेवी संगठन भी इसकी निगरानी कर रहे हैं।

# खाली गैस टेंकर में हुआ ब्लास्ट शहर में आई धमाके की आवाज

### घटना में 8 लोग घायल, दो गंभीर, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**



मंगलवार शाम को इटारसी में एक भीषण हादसा हो गया, जब खेड़ा क्षेत्र में एक दुकान के सामने मुख्य मार्ग पर खड़े एक खाली गैस टैंकर में जोरदार ब्लास्ट हुआ। धमाका इतना भीषण था कि उसकी आवाज तीन से चार किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना में 8 लोग घायल हो गये जिनमें एक महिला है। एक पुरुष की हालत ज्यादा गंभीर है। घटना उस वक्त हुई, जब टैंकर नंबर एमपी 17, एचएच-4330 में इलेक्ट्रिक वेल्डिंग का काम किया जा रहा था। ब्लास्ट इतना शक्तिशाली था कि गैस टैंकर का ड्रायवर कैबिन सहित मशीन वाला पूरा हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए।

**अस्पताल पहुंचे अधिकारी:** एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा और टीआई गौरव सिंह बुंदेला भी तत्काल अस्पताल पहुंचे और घायलों के उपचार की जानकारी ली। घटना के बाद रास्ते से गुजर रहे वाहनों के पहिये थम गए और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा होने से जाम लग गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोर्चा संभाला। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि फरियादी सतीश झनकलाल यादव की रिपोर्ट पर आकाश पिता इंद्रजीत मालदार और टैंकर क्रमांक एमपी 17एचएच 4330 के चालक जबलपुर निवासी नीरज सिंह लोहार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा एथेनाल के खाली टेंकर में लापरवाही पूर्वक व उतावलेपन से बेल्डिंग का कार्य कराने से टेंकर में विस्फोट हो गया।जिसके कारण कई लोग घायल हुए है फरियादी की गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त हो गया है। थाना प्रभारी श्री बुंदेला ने बताया कि जल्द ही प्रशासन के साथ चर्चा कर, आबादी क्षेत्र में मुख्य सड़कों पर चल रही बेल्डिंग शॉप संचालकों को समझाइश दी जाएगी, कि वे इस तरह के काम न करें,जिससे विस्फोट ओर जनहानि हो। वहीं एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि हमें करीब पौने पांच बजे सूचना मिली थी कि खेड़ा पर एक टैंकर में वेल्डिग के दौरान ब्लॉस्ट हो गया। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि पांच लोग घायल हैं, घायलों को सरकारी और निजी अस्पताल भेजा है, अब तक 8 लोगों के घायल होने की सूचना है। टैंकर हटवाकर मार्ग क्लीयर करा दिया है।

#### धमाके के बाद मची भगदड़

अचानक हुए इस जोरदार विस्फोट से आसपास के लोग दहशत में आ गए और मुख्य मार्ग पर भगदड़ मच गई। सूचना के अनुसार, इस घटना में ट्रक ड्रायवर नीरज सिंह सहित 8 लोगों के घायल होने की खबर है, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घायल शहजाद ने बताया कि वे खड़े थे, उनको नहीं मालूम कि ऊपर क्या हो रहा था, अचानक ब्लास्ट हो गया। एक अन्य घायल रवि पाल ने बताया कि वे तीन मित्र वहां से गुजर रहे थे, कि टैंकर में ब्लॉस्ट हो गया। वे तीनों मित्र घायल हैं। घायलों में नीरज सिंह 35 वर्ष ट्रक ड्रायवर, नीरज पाल 28 वर्ष, शहजाद खान 53 वर्ष, साहिल पाल, भागवती पाल 45 वर्ष सरकारी अस्पताल में उपचाररत हैं जबकि साहिल यादव, आकाश मालदार और नेताई बक्शी निजी अस्पताल में उपचार करा रहे हैं।

## 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम आज होगा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिल पुलिस द्वारा शहीदों की स्मृति में आज एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आज सायं 7 बजे से सतरस्ता चौक, नर्मदापुरम में आयोजित होगा।कार्यक्रम के दौरान पुलिस बैंड द्वारा मधुर संगीत प्रस्तुति के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। पुलिस विभाग ने शहरवासियों, पत्रकार बंधुओं और नागरिकों से अपील की है कि वे इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करें।

## रन फॉर यूनिटी 31 को नर्मदापुरम में मैराथन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। यह मैराथन सुबह 7 बजे तिलक भवन, सेठानी घाट से शुरू होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल तक जाएगी। आयोजन के दौरान पार्टी कार्यकर्ता, स्कूली छात्र-छात्राएं और आम नागरिक एक साथ दौड़ में भाग लेंगे और पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। सांसद चौधरी ने बताया कि इस आयोजन का मकसद युवाओं को देश के विकास में भागीदारी के लिए प्रेरित करना और अमृत पीढ़ी को एक सशक्त भारत के निर्माण में अग्रसर करना है।

## श्रीराम कथा को लेकर बैठक आयोजित



**गंजबासौदा।** मंगलवार को राजेद्र नगर बर्रीधाट बेतवा मार्ग स्थित भगवान श्री रामदेव मंदिर परिसर में आगामी माह 24 नबंवर से 6 दिसंबर तक होने वाले प्रतिमा स्थापना समारोह, यज्ञ और नौ दिवसीय श्रीराम कथा की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विधायक हरिसिंह रघुवंशी की उपस्थिति में मंदिर प्रबंधन समिति के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के प्रमुख पंडित हरिनारायण पाठक ने बताया कार्यक्रम बड़े स्तर पर होने के कारण आयोजन के दौरान मेले जैसा स्वरूप रहेगा। 24 नवंबर को कलश यात्रा स्टेशन नौलखी मंदिर से दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी। इसमें करीब 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। नगर में पहली बार प्रेमभूषण महाराज की कथा का आयोजन हो रहा है। श्रद्धालुओं के हिसाब से व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। कथा स्थल एवं आसपास पर्याप्त पुलिस बल और होमगार्ड की ड्यूटी लगाई जाए। असमाजिक तत्वों से निपटने सीसीटीवी कैमरे मुख्य द्वार व प्रमुख मार्गों पर लगाए जाएं। इस दौरान दिन व रात में बिजली सप्लाई की जाए। आयोजन के दौरान आने जाने वाहन को नियंत्रित करने यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की जाए। कथा स्थल के आसपास यातायात नियंत्रित जोन बनाया जाए। बस व चार और दो पहिया वाहन के लिए अलग-अलग वाहन पार्किंग स्थल तय कर, स्थान समतल कराए जाएं। ट्रैफिक पुलिस कर्मी दिनभर मौजूद रहें। बैठक में लोनिवि से मुख्य मार्गों पर दिशा-सूचक बोर्ड लगाने और नगर पालिका से कथा स्थल व मंदिर परिसर की स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था में सहयोग को कहना गया। कार्यक्रम के समापन पर 6 दिसम्बर को भंडारा होगा। बैठक में पंडित केशव शास्त्री, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, एसडीएम संतोष विटौलिया, एसडीओपी शिखा भलावी, जनपद सीईओ तपस्या जैन, नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, बिजली कंपनी के डीई राजू भामौर, लोनिवि के प्रभारी एसडीओ आरके सिंघई, यात्रायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी सहित मंदिर समिति के सदस्य मौजूद थे।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम निर्णय लिए

# सांसद दर्शन सिंह ने कहा- सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन है जरूरी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सांसद चौधरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जिला प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस, यातायात और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई करें। उन्होंने तहसील स्तर पर बस स्टॉपेज निर्धारित करने और उसके लिए एसडीएम, आरटीओ और यातायात विभाग द्वारा संयुक्त सर्वे कर व्यावहारिक स्थानों पर बस स्टॉप बनाने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने इटारसी ओवरब्रिज की मरम्मत और उचित रोशनी की व्यवस्था के लिए पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी को कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरटीओ द्वारा आयोजित लाइसेंस निर्माण शिविरों में नगर परिषदों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अधिकाधिक लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएं। वहीं कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के निराकरण के लिए पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों को त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशानुसार यातायात उल्लंघनों पर निरंतर चेकिंग और जुर्माना कार्रवाई की जा रही है। बैठक में सांसद चौधरी ने दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के त्वरित उपचार के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने और राहवीर योजना का व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजमार्गों पर निराश्रित पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई के आदेश दिए।



## राज्यसभा सांसद ने किए प्रेमानंदजी के दर्शन

**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद एवं मध्यप्रदेश भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नरोलिया ने गत दिवस पूज्य संत प्रेमानंद जी महाराज के दिव्य दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए मां नर्मदा से प्रार्थना की। इस अवसर पर श्रीमती नरोलिया ने महाराज से व्यक्तिगत रूप से एकांत वार्ता की और उनके कुशलक्षेम का हाल जाना। साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेत्री रंजना मीना, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, पीएसओ लोकेंद्र तोमर आदि मौजूद थे।

## अन्नकूट : नवग्रह मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



**इटारसी।** धर्म और आस्था के केंद्र श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार, इस वर्ष भी विशाल नगर अन्नकूट का भव्य आयोजन सोमवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। गोवर्धन पूजन और अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से गोवर्धन पूजन के साथ हुई। इसमें क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और गोवर्धन महाराज एवं माँ दुर्गा का पूजन कर आशीर्वाद लिया। पूजन के मुख्य यजमान के तौर पर अनीता सुरेंद्र सैनी एवं किरण सुनील दुबे ने गिरिराज गोवर्धन महाराज और गौमाता का विशेष पूजन-अर्चन किया। पूजन का कार्य मुख्य आचार्य पं. अतुल कृष्ण मिश्रा के सान्निध्य में बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं द्वारा संपन्न कराया गया। मंदिर के स्थाई पुजारी सत्येंद्र पांडे एवं पीयूष पांडे ने भी विशेष सहयोग दिया।


**15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद:** श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे और समस्त पदाधिकारियों के अथक परिश्रम से यह आयोजन सफल हुआ। शाम 7 बजे से शुरू हुआ प्रसाद वितरण रात्रि 11.30 बजे तक अनवरत जारी रहा। अनुमान है कि नगर के 15 हजार से अधिक लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, नपा उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, सभापति राकेश जाधव, गीता पटेल, पार्षद वंदना ओझा, मनीषा अग्रवाल, एसडीएम निलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## नर्मदापुरम रग्बी टीम ने रचा इतिहास



**नर्मदापुरम।** भोपाल में 26 से 28 अक्टूबर तक मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित सब जूनियर राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में नर्मदापुरम की बालिका टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता और इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि जिले में रग्बी खेल के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई है। फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम की बालिका टीम ने रतलाम को 5-0 से हराया। प्रतियोगिता की बेस्ट प्लेयर का खिताब टीम की कप्तान आकांक्षा नायर ने अपने नाम किया। टीम की अन्य प्रमुख खिलाड़ी अंकिता तिवारी, राशिका पटेल, रिंशी रघुवंशी, हर्षिता राजपूत, पलक पटेल, रिया सोनी, काजल नागवंशी, राधिका, और सोनम कहार ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जीत में अहम भूमिका निभाई। टीम की शानदार उपलब्धि पर सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी व्ही. एस. चौहान, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, शालेय जिला क्रीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी, जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, तथा जिला रग्बी संघ के पदाधिकारियों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और खेलप्रेमियों ने टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## कबड्डी स्पर्धा में राजगढ़-विदिशा बने चैंपियन



**मंडीदीप।** शहर के विवेक जागृति स्कूल में अमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन जिला रायसेन द्वारा आयोजित भोपाल जोन जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में राजगढ़ और विदिशा की टीमें चैंपियन बनीं। इस प्रतियोगिता में भोपाल, रायसेन, विदिशा, राजगढ़ और सीहोर की अंडर-16 बालक और बालिका टीमों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग के फाइनल में राजगढ़ ने विदिशा को हराकर खिताब अपने नाम किया, जबकि बालिका वर्ग में विदिशा की टीम ने रायसेन को पराजित कर विजेता का तमगा हासिल किया। पुरस्कार वितरण समारोह में एसोसिएशन के प्रदेश सचिव जे सी शर्मा, संरक्षक मोहन सिंह चौहान, मप्र पुलिस के अशोक पाण्डेय, ओपी शर्मा व रायसेन के सचिव कपिलदेव सिंह चौहान ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। स्पर्धा में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। इस मौके पर खेल प्रशिक्षक विराट मिश्रा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।


## भावांतर के लिए किसानों को तीन जगह जमा करना पड़ रहे दस्तावेज, कांग्रेसियों का विरोध

**सिरोंज।** कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेचने वाले किसानों को तीन जगह पर अपने दस्तावेज जमा करना पड़ रहे हैं। इसको लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने मंडी प्रबंधन को किसानों की समस्या से अवगत कराया। मंडी सचिव के समक्ष किसानों की समस्या रखते हुए उन्होंने बताया कि भावांतर योजना में सोयाबीन बेचने आ रहे किसानों से मंडी प्रबंधन द्वारा आधार कार्ड, भावांतर पंजीयन, आधार कार्ड के साथ ही टेक्टर के रजीस्टेशन की फोटो कॉपी मांगी जा रही है। किसानों को मंडी में तीन स्थानों पर ये दस्तावेज जमा करना पड़ रहे हैं। जो समझ से परे है। उन्होंने बताया कि किसान वैसे भी आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उस पर उनसे से बिना वजह एक ही दस्तावेज तीन स्थानों पर जमा करवाने का कोई औचित्य भी समझ में नहीं आ रहा।

**मेट्रो एंकर** नगरपालिका परिषद का सामान्य सम्मेलन संपन्न, नगर विकास को गति देने सभी विषय सर्वसम्मति से पारित

# फल-सब्जी के ठेले वाले मार्ग अवरूद्ध करेंगे तो रोज लगेगा 500 रु. जुर्माना

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम् का सामान्य सम्मेलन नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सामान्य सम्मेलन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष अनोखे राजोरिया सहित सभापति, पार्षदगणों, उपयंत्रीगण, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, नपा के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थित थे। इस अवसर पर नगरहित के 18 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। कार्यालय अधीक्षक श्री सोनी ने बताया कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नपा के सामान्य सम्मेलन में प्रस्ताव पारित हुआ। जिसमें फल, सब्जी या अन्य गुमठी लगाकर सड़क मार्ग को अवरूद्ध करने वालों पर प्रतिदिन 500/- रुपए की दर से जुर्माना लगाया जाएगा। जिस पर सभी पार्षदगणों द्वारा सहमति जताई गई। साथ ही यातायात व्यवस्था सुगम रहे इस बात को भी ध्यान में रखते हुए सभी पार्षद ने सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**संपत्तिकर निर्धारण के लिए वार कोडिंग की व्यवस्था होगी :** नगरपालिका द्वारा संपत्ति कर निर्धारण के लिए अब बारकोडिंग की व्यवस्था की जाएंगी। जिससे आम नागरिकों को संपत्तिकर, दुकान किराया और प्रीमियम जमा करने में आसानी होगी।

**बाउंड्रीबाल बनाई जाएगी :** ट्रेंचिंग ग्राउंड का अतिक्रमण हटाकर उसकी बाउंड्री बाल की जाएगी जिसमें करीब एक करोड़ 30 लाख रुपए की राशि स्वीकृति हेतु प्रस्ताव रखा गया था। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु उपकरण क्रय किए जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई।

#### नगरहित में प्रस्ताव पारित

आज हुए परिषद के सामान्य सम्मेलन में नगरहित के 18 महत्वपूर्ण विषय रखे गए थे। सभी प्रस्ताव पारित हुए। सभी पार्षदगणों द्वारा अपने अपने वार्डों से संबंधित महत्वपूर्ण विषय रखे गए थे। अनेक विषयों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। पार्षदगणों के सहयोग के लिए धन्यवाद।

– **नीतू महेंद्र यादव**, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, नर्मदापुरम

#### धन्यवाद प्रस्ताव पारित

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर संशोधित जीएसटी बिल और आत्मनिर्भर भारत अभियान के विषय नगरपालिका के सामान्य सम्मेलन में रखे गए थे। जिस पर सभी ने मेज थपथपाकर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। साथ ही बताया गया कि यह निर्णय न केवल राष्ट: निर्माण में सहायक होंगे बल्कि विकसित भारत अभियान की परिकल्पना को पूर्ण करेंगे।

दम तोड़ रहीं संजीवनी क्लिनिक : भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य केसरवानी ने डिप्टी सीएम सौंपा पत्र

# बीएमसी खरीद रहा बेशकीमती जांच के उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर्स का है टोटा

**शशिकांत टिमोले, सागर**

आम और गरीब लोगों की छोटी छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए संजीवनी क्लीनिकों का दम टूट रहा है। कई स्थानों की क्लिनिक या तो बंद पड़ी हैं या फिर उन्हें स्टाफ का इंतजार है। इधर बीएमसी (बुंदेलखंड मेडीकल कॉलेज) में बेशकीमती अत्याधिक मेडीकल उपकरण लगाए जा रहे हैं, लेकिन यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की मसलन सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स न्यूरोलॉजिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट एवं नेप्रोलॉजिस्ट ही नहीं हैं। सवाल यह उठ रहा है कि विशेषज्ञ न होने से जांच उपकरणों का लाभ कैसे मिल सकेगा। आखिरकार जरूरतमंदों को इलाज के लिए बाहर जाना पड़ेगा। बहरहाल ये सब जरूरतें और मुद्दे सत्ताधारी दल भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और सागर के प्रभारी मंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ला के सामने उठाए हैं। केसरवानी ने डिप्टी सीएम को पत्र सौंपकर संजीवनी अस्पतालों को पुनः प्रारंभ करने व बीएमसी में विशेषज्ञ डॉक्टर्स नियुक्त करने का आग्रह किया है। पत्र सौंपते समय सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत भी मौजूद थे। दरअसल पिछले दिनों सागर प्रवास पर आए मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला को भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी ने पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि शहर में विभिन्न स्थानों पर बंद पड़े संजीवनी क्लिनिको को पुनः प्रारंभ की जाए और जो संजीवनी क्लिनिक वर्तमान में चालू हैं उन में स्टाफ नियुक्त किया जाए। पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स, न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट एवं नेप्रोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाए। पर उपमुख्यमंत्री ने दोनों मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया है।



### पत्र में यह भी लिखा

भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी ने पत्र के माध्यम से कहा कि विगत दिनों हमारी सरकार द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर संजीवनी क्लीनिक खोले गए थे। जिससे आम जनता और जरूरतमंद लोगों के लिए काफी सुविधा थी। छोटी-मोटी बीमारियों के लिए लोग संजीवनी क्लिनिक पहुंचकर अपना इलाज करवा लेते थे। परंतु विगत कई दिनों से कई जगह के संजीवनी क्लीनिक बंद है। और जिन स्थानों पर क्लीनिक खुले भी हैं उन में स्टाफ मौजूद नहीं है। साथ ही मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिस्ट न्यूरोलॉजिस्ट नेप्रोलॉजिस्ट,एवं कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर ना होने के कारण शहर के जरूरतमंद और गरीब व्यक्तियों के लिए शहर से बाहर जाना पड़ता है। कई बार आर्थिक कमजोरी के कारण जरूरतमंद व्यक्ति बाहर नहीं जा पाता जिससे बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। बहरहाल भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा उठाई गई मांगों से शासन प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल उठना लाजमी है।

## सोशल मीडिया पर हत्या से जुड़ी रील्स और वीडियो देखकर साजिश रची, खुलासा हुआ

**नरसिंहपुर, दोपहर मेट्रो।** नरसिंहपुर जिले में लापता युवक की हत्या का खुलासा हो गया है। पुलिस ने मृतक की साली समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि युवती ने सोशल मीडिया पर हत्या से जुड़ी रील्स और वीडियो देखकर साजिश रची थी।

उसने दो आरोपियों को 50 हजार रुपए में जीजा को मारने की सुपारी दी थी। आरोपियों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या की और शव को जंगल में फेंक दिया था। मंगलवार को पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी युवती निधि साहू, साहिल पटेल और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया।

## पुलिस की तत्परता से 4 घंटे में मिला महिला का पर्स

**सागर, दोपहर मेट्रो।** परेड मंदिर से दो ऑटो बदलकर कटरा बाजार जा रही एक महिला का पर्स रास्ते में खो गया। पर्स में जरूरी दस्तावेज व पैसे रखे थे। महिला ने इसकी जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम में निरीक्षक आरकेएस चौहान को दी। जानकारी के अनुसार ममता मेहरा, निवासी आर्मी एरिया परेड मंदिर के पास, पुलिस कंट्रोल रूम पहुँचीं और उप निरीक्षक चौहान को बताया कि वे परेड मंदिर से कबूला पुल तक एक ऑटो में तथा वहां से ऑटो बदलकर कटरा गई थीं, इसी दौरान उनका पर्स कहीं गिर गया है। पर्स में बैंक, कैंटीन तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज तथा पैसे मौजूद थे।

## गाडरवारा की जवाहर कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नरसिंहपुर, दोपहर मेट्रो**

नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा की जवाहर कृषि उपज मंडी में मंगलवार को किसानों ने भावांतर योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि इस सरकारी योजना के कारण उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।



राष्ट्रीय किसान आर्मी के तत्वावधान में मंडी में एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को भावांतर योजना से होने वाले नुकसान और मंडी की अव्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। जब किसान नेताओं ने मंडी सचिव से अपनी शिकायत की, तो सचिव के उत्तेजित होने पर किसानों का गुस्सा भड़क गया और मंडी परिसर में हंगामा शुरू हो गया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। किसानों ने उन्हें मंडी में चल रही अनियमितताओं और खरीद प्रक्रिया में गड़बड़ी की जानकारी दी। इसके बाद किसान नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच लंबी बातचीत हुई, जिसमें कुछ मांगों पर सहमति बनी।

## कटरा मस्जिद के पास बना वर्षों पुराना ब्लैक स्पॉट समाप्त



निगमायुक्त ने कटरा का निरीक्षण कर हटवाया अतिक्रमण

**सागर, दोपहर मेट्रो**

नगर निगम ने कटरा क्षेत्र में मस्जिद के आस-पास अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने स्वयं खड़े होकर कटरा मस्जिद से राधा तिगड्डा मार्ग पर किलकारी हॉस्पिटल के सामने बना वर्षों पुराना ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर इसे समाप्त करने के लिए अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही की। उक्त स्थल पर बना वर्षों पुराना ब्लैक स्पॉट समाप्त होने से यहां के रहवासियों को सुविधा होगी और शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र का यह स्थल स्वच्छता का प्रतीक बनेगा। उन्होंने यहां के ठेला व्यापारियों सहित अन्य अतिक्रमणकारीयों को समझाइस देते हुए कहा की सभी ठेला व फुटपाथ व्यापारियों द्वारा अपनी दुकाने निर्धारित रोड लाईन के अंदर ही लगाएं। उन्होंने निगमकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा की जो भी दुकानदार अतिक्रमण कर अव्यवस्था फैलता है उस पर कड़ी कार्यवाही करें सामग्री जब्त करने के साथ ही चालानी कार्यवाही करें।

स्वास्थ्य केंद्र के आउससोर्स कर्मचारी

## वेतन एवं बोनस सहित 11 माह के ऐरियर मांग को लेकर कलेक्टर, अधिकारियों के काट रहे हैं चक्कर

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को दो से तीन का वेतन एवं अप्रेल 2024 से बढ़े हुए वेतन का 11 माह का एरियर व बोनस नहीं मिलने के कारण सभी कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय से लेकर विभाग के भी वरिष्ठ अधिकारियों के चक्कर काटकर परेशान हो रहे है।

स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ हर यहीं होता है हर बार अनेक माह का वेतन रोक दिया जाता है जिस कारण सभी कर्मचारियों को परिवार का भरण पोषण करने में समस्याएं होने लगती है वैसे ही सभी कर्मचारियों को अल्प वेतन मिलता है और उसी को रोक दिया जाता है जिससे प्राप्त करने के लिए परेशान होना पड़ता है। पिछले बार वेतन नहीं मिलने के कारण सभी कर्मचारियों अपना काम छोड़कर धरना पर बैठ गए थे। साथ ही अनेक दिन धरना पर बैठने के बाद ही कर्मचारियों



को वेतन दिया गया था। इस बार भी ऐसी ही स्थिति बन रही है। मंगलवार को फिर कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर सभी कर्मचारियों ने वेतन दिलाने के लिए आवेदन देकर गुहार लगाई है। आवेदन में कहां है कि सेडमेप कटनी प्रतिमाह हम लोगों को वेतन भुगतान नही करती है लेकिन विभाग द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है कि माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2025 का भुगतान हो चुका है। परन्तु कर्मचारियों को केवल माह जुलाई 2025 का वेतन दिया है। जबकि कुछ कर्मचारियों जैसे गार्ड आदि को दीपावली के त्यौहार पर भी वेतन नहीं दिया गया है।

## पंचायत दर्पण ऐप ने खोला पंचायतों का भ्रष्टाचार दो ग्राम पंचायतों में फर्जी बिलों का बड़ा खुलासा

**जबलपुर (पाटन), दोपहर मेट्रो**

पंचायत दर्पण ऐप के माध्यम से पाटन तहसील की दो ग्राम पंचायतों गुरुपीपरिया और दिधोरा में फर्जी बिलों से किए गए भुगतान का मामला उजागर हुआ है। जांच में पता चला है कि मिठाई वितरण के नाम पर हज़ारों रुपये के बिल पारित कर दिए गए, जबकि जिनके नाम पर भुगतान हुआ, उनके पास न तो मिठाई की दुकान है और न ही खाद्य लाइसेंस।

ऐप में दर्ज भुगतान विश्वरतन शर्मा नामक व्यक्ति के नाम पर हुआ है, जो ग्राम पंचायत दिधोरा के सचिव नरेंद्र शर्मा के सगे भाई हैं। यही नहीं, नरेंद्र शर्मा पहले ग्राम पंचायत गुरुपीपरिया में भी सचिव रह चुके हैं। इस संबंध ने गड़बड़ी की आशंका को और गहरा दिया है।

सरकारी धन की हेराफेरी का मामला प्रतीत होता है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थों का वितरण ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए खतरा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत दर्पण ऐप में दर्ज रिकॉर्ड के आधार पर विस्तृत जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

पारदर्शिता और जवाबदेही के नाम पर शुरू किया गया पंचायत दर्पण ऐप अब अपनी असली ताकत दिखाने लगा है। जबलपुर जिले की पाटन तहसील की दो ग्राम पंचायतों गुरुपीपरिया और दिधोरा में हाल ही में ऐप के ज़रिए सामने आया भ्रष्टाचार यह साबित करता है कि डिजिटल निगरानी व्यवस्था किस तरह प्रशासनिक गड़बड़ियों को उजागर कर सकती है।

तकनीक ने भ्रष्टाचार का चेहरा दिखा दिया है। अब बारी प्रशासन की है कि वह कार्रवाई करके इस सिस्टम की विश्वसनीयता बनाए। यदि हर पंचायत का ऑनलाइन ऑडिट इसी तरह खुले रूप में जनता के सामने होगा, तो पंचायत दर्पण सचमुच लोकतंत्र का दर्पण बन सकेगा।

सिंहस्थ 2028: भीड़ प्रबंधन

## सेटेलाईट स्टेशनों का डीआरएम, सिंहस्थ मेला अधिकारी, एडीजीपी ने किया निरीक्षण

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरुप सिंहस्थ 2028 की तैयारियां जोरों से की जा रही है। इन तैयारियों को मूर्त रूप देने के लिए डीआरएम रतलाम अश्विन कुमार, सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, एडीजीपी उमेश जोगा और प्रशासनिक अधिकारियों ने रेल्वे से संबंधित सिंहस्थ कार्यों का जायजा लेते हुए निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे नईखेड़ी, मोहनपुरा, उज्जैन, विक्रम नगर आदि सेटेलाईट स्टेशनों पर रेल्वे विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। डीआरएम अश्विन कुमार स्पेशल सेलून से उज्जैन आएं। उन्होंने सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह, एडीजीपी श्री जोगा सहित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से होलड़िंग एरिया और फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किये जाने से संबंधित तैयारियों का जायजा भी लिया। विक्रम नगर पर होल्ड़िंग एरिया बनाने के लिए जगह भी चिन्हित करने एवं इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। जानकारी में बताया गया कि जयसिंहपुरा स्थित अंडरब्रिज का टेंडर जारी हो चुका है। उज्जैन स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज के संबंध में की जा रही तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही नए स्टेशनों का निरीक्षण किया। सिंहस्थ के दौरान ट्रेनों को पार्क करने के लिए नईखेड़ी, चिन्तामण गणेश, फतेहाबाद, चन्द्रावतीगंज, ताजपुर स्टेशनों पर अस्थाई लुपलाईन बिछाने से संबंधित चल रहे कार्यों के क्रियान्वयन करने की दृष्टि से अवलोकन किया। सिंहस्थ के समय रेल्वे विभाग स्पेशल ट्रेने भी चलाने जा रहा है।

## मंडला के बिछिया वन विभाग ने बाघ की खाल बरामदगी मामले में 6 को दबोचा

**मंडला, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के मंडला जिले के बिछिया वन विभाग ने बाघ की खाल बरामदगी मामले में जांच के दौरान 6 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर सरही वन क्षेत्र में एक अन्य बाघ के शिकार का खुलासा हुआ है। वन विभाग की टीम ने 27 और 28 अक्टूबर को अतरिया और सरही क्षेत्र से बाघ की रीढ़ की हड्डी, सिर, बाल, नाखून सहित अवशेष बरामद किए। इसके साथ ही शिकार में प्रयुक्त



कुल्हाड़ी, फरसा, बिजली के तार और अन्य औजार भी जब्त किए गए हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ के लिए किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत प्रगतिरत केडी गेट से निकास चौराहा मार्ग चौड़ीकरण कार्य का खजूरवाली मस्जिद के समीप निरीक्षण किया। यहां स्वप्रेरणा से विकास के लिए नागरिकों द्वारा मार्ग चौड़ीकरण के लिए अपने घरों के कुछ हिस्से को हटाया जा रहा है। नागरिकों द्वारा प्रस्तुत अनुपम उदाहरण पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसन्नता व्यक्त कर नागरिकों का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मार्ग चौड़ीकरण से शहर के इस पुराने बाजार को पुनः नई दिशा मिलेगी और व्यापार बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां नागरिकों से चर्चा कर उनकी कुशलक्षेम जानी। नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सिंहस्थ कार्यों संबंधित चर्चा कर अपनी मन की बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह को निर्देश दिए कि शहर के विकास के लिए स्वप्रेरणा से मार्ग चौड़ीकरण के लिए मकान तोड़ने का कार्य करने वाले पात्र नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभ प्रदान किया जाए। कार्य तीव्र गति से हो और नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएं।



### शहरी पीएम आवास मेले का आयोजन कल

**उज्जैन ।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंगीकार अभियान 2025 एवं पी.एम. स्वनिधि योजना के अन्तर्गत हितग्राहियों को ऋण / स्वीकृति पत्र वितरण के साथ ही अन्य विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सहभागिता के लिए एक दिवसीय पी.एम. आवास मेला (शहरी) गुरुवार 30 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से शासकीय पोलिटेकनिक कॉलेज आडिटोरियम देवास रोड़ उज्जैन पर आयोजित किया जाएगा।

## नये भारत की ताकत का संदेश पूरी दुनिया में गया: भूपेन्द्र सिंह



**सागर, दोपहर मेट्रो**

इस वर्ष देश ने दो दीपावली मनाईं। आपरेशन सिंदूर में भारत की मिसाइलों ने पाकिस्तान में दीपावली मनाई जिससे पूरे विश्व में नये भारत की ताकत और संकल्प शक्ति का संदेश गया है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का पर्व है। यह बात पूर्व गृहमंत्री, व खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सागर के आदर्श गार्डन में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में कही। सिंह ने कहा कि इस वर्ष की दीपावली पर देश में व्यापार ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी घटाए जाने के निर्णय से 146 करोड़ लोगों को फायदा हुआ है। उन्होंने बताया कि दीपावली के तीन दिनों 6 लाख 5 हजार करोड़ का कारोबार हुआ है जो एक रिकार्ड है। यह आंकड़ा दुनिया के 105 देशों की जीडीपी से बड़ा है। इसमें से भी 85 प्रतिशत कारोबार रिटेल में हुआ है जिसका लाभ छोटे व्यापारियों को हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और देश के महापुरुषों पं दीनदयाल उपाध्याय, महात्मा गांधी, सरदार पटेल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी,डा आंबेडकर ने देश को स्वदेशी के माध्यम से आत्मनिर्भरता का जो मंत्र दिया है उसका प्रभाव हमने इस दीपावली पर देखा है। बाजारों में स्वदेशी की धूम थी और 87 प्रतिशत लोगों ने विदेशी छोड़ कर भारतीय उत्पादों को खरीदा है।

### अविराज ने सुनाए गीत

कार्यक्रम में युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने आर्केस्ट्रा के साथ दो गीत सुनाए तो आडिएंस उनके साथ नाचने गाने लगी। तेरे जैसा यार कहां कहां ऐसा याराना तथा 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' गीत सुना कर अविराज सिंह ने समा बंधा दिया। समारोह में मुंबई से आईं पार्श्व गायिका प्रियंका श्रीवास्तव और उनके अरोमा म्यूजिकल ग्रुप के गीतों की शानदार प्रस्तुतियों से सजी थी। संचालन जिला भाजपा उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने किया आभार कार्यक्रम के आयोजक तिलहन संघ के अध्यक्ष महेश साहू ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगरनिगम एमआईसी सदस्य विनोद तिवारी, नरेश यादव, राजकुमार पटेल, देवेंद्र अहिरवार, कंचन सोमेश जड़िया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## पांच डेयरी संचालक शहर से बाहर जाने सहमत, एक पर एफआईआर के निर्देश

**सागर, दोपहर मेट्रो**

निगमायुक्त खत्री ने किया दो वार्डों में निरीक्षण

तिलकगंज और शुक्रवारी वार्ड में संचालित डेयरियों का निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने निरीक्षण कर शहर से बाहर करने के निर्देश दिये। इस दौरान पांच डेयरी संचालकों ने निर्धारित समय में डेयरी विस्थापित करने की सहमती दी, निगमायुक्त ने एक पर एफआईआर कराने के निर्देश दिये। निगमायुक्त ने

कान्हा डेयरी, शंकर ग्यारसी डेयरी, राजू यादव डेयरी, बबलू यादव डेयरी, तिलक घोषी डेयरी और जानू यादव डेयरी संचालकों से संवाद किया। इसमें से



5 डेयरी संचालकों ने अपनी अपनी डेयरियां निर्धारित समय पर शहर से बाहर विस्थापित करने हेतु सहमति दी और एक डेयरी संचालक राजू यादव तिलकगंज पर एफआईआर कराने के निर्देश निगमकर्मियों को दिये। निगमायुक्त ने कहा की शहर की स्वच्छता, सुंदरता के साथ शहर विकास और पशुओं से लोगों की सुरक्षा के लिए डेयरी विस्थापन आवश्यक हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान तिलकगंज की नालियों में बहता गोबर और पानी देखकर कहा की शहर की डेयरियों में बड़ी मात्रा में जानवरों का गोबर मलमूत्र आदि सीधे नालियों में बहा दिया जाता है। यह गोबर बहुत ही कठोर रूप में जम जाता है जिससे विभिन्न प्रकार की हानिकारक गंध, नाली जाम, मच्छर मक्खीयां और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं जो की शहर की स्वच्छता में तो बाधक हैं, साथ ही नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी हानिकारक प्रभाव डालते हैं।

मेट्रो एंकर — नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे और दोहरी प्रविष्टियों, मृत, स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटेंगे

# सभी राजनीतिक दल मतदान केंद्रों के लिए बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति दो दिन में करें: कलेक्टर

**सागर, दोपहर मेट्रो**

निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण SIR 2026 का कार्य जिले में शुरू हो रहा है। SIR में नव मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे और दोहरे प्रविष्टियों, मृत,स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटेंगे। इसको लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR-2026) की समय-सारणी और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे और दोहरे प्रविष्टियों व मृत,स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे।

बूथ लेवल एजेंटों (BLAs) की नियुक्ति के लिए संदीप जी.आर. ने राजनैतिक दलों से अपील की कि वे अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए बूथ लेवल एजेंटों की दो दिन में नियुक्ति करें। बीएलए मतदाता सूची के सत्यापन के कार्य में बीएलओ के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने सभी दलों से अनुरोध किया कि वे आम जनता में मतदाता सूची में नाम जोड़ने,हटाने, सुधारने के लिए जागरूकता फैलाएं और मतदाताओं को निर्धारित प्रारूपों (Form 6, 7, 8) का सही उपयोग करने में सहायता करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोर देकर कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाएगा और राजनीतिक दल किसी भी स्तर पर पाई गई विसंगति को तुरंत सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के संज्ञान में ला सकते हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों से अपील करते हुए कहा, लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। हमें उम्मीद है कि सभी राजनैतिक दल इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय रूप से भागीदारी करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। अपर कलेक्टर अविनाश रावत, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण विस्तृत जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर साहब सिंह यादव तथा, अखिलेश मिश्रा ने पूछे गये प्रश्नों का विस्तृत उत्तर दिया।

# वनडे में रो-को के बाद टी20 में मिशन सूर्या

टीम इंडियाऔर ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज खत्म होने के बाद अब सूर्या की गंभीर ब्रिगेड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्र20 सीरीज खेलना है ।दरअसल टीम इंडिया के व्हाइट बॉल फोर्मेट के मौजूदा ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत से ही वनडे में जहां रोहित ओर कोहली को लेकर तरह तरह के सवाल उठ रहे थे,वहीं टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का फॉर्म ओर वर्ल्ड कप तक उनकी कप्तानी की बात सुर्खियों में थी ।भले ही टीम इंडिया वनडे सीरीज हार गयी हो लेकिन टीम इंडिया का मिशन रो..को..सफल रहा है ।दोनो ही दिग्गजों ने सिडनी के आखिरी वनडे में मैच जिताऊ पारी खेलकर हाल फ़िलहाल में आलोचकों की जबान पर ताले लगा दिए हैं ।जिस वजह से मामला घरेलू मैदान पर होने वाली कई वनडे सीरीज तक टल गया है ।अब बारी एशिया कप विजेता कप्तान सूर्यकमार यादव की है जिनकी अगुवाई में गंभीर युवा सेना को 5 मैचों की टी20 सीरीज में ताकतवर ऑस्ट्रेलिया टीम से उसी के मैदानों पर भिड़ना है ।सीरीज को लेकर ऐसा माना जा रहा है कि फटाफट क्रिकेट के इस रोमांचक फॉर्मेट की सबसे ताकतवर टीमों की भिड़ंत होगी ।वैसे तो साऊथ अफ्रीकी टीम भी मौजूदा समय में दमदार टीम बन कर उभरी है लेकिन चोकर्स की छवि की वजह से वर्ल्ड की टॉप 2 टीमों में भारत और ऑस्ट्रेलिया ही कही जा सकती हैं ।दोनों ही टीमों के दमदार व ताकतवर होने की सबसे बड़ी वजह वर्ल्ड टी20 फोर्मेट के सबसे बड़े टूर्नामिंट यानि आईपीएल में इनके ज्यादातर खिलाड़ियों की हिस्सेदारी कही जा सकती है ।दोनों टीमों के बीच आज कैनबरा में पहला टी20 मुकाबला खेला जाएगा ।सूर्यकुमार पिछले कुछ समय से फॉर्म में नजर नहीं आ रहे हैं,जिस वजह से उनसे इस सीरीज में बड़ी पारी खेलने की उम्मीद रहेगी ।वैसे भी जब से सूर्यकमार फॉर्म में नहीं हैं तभी से उनकी उम्र व आल फोर्मेट एक कप्तान बाकी बातें उभर कर आ रही हैं ।मतलब साफ है कि रो को के इर्दगिर्द रहने वाली वनडे के बाद टी20 की यह सीरीज मिशन सूर्या रहने वाली है ।भले ही टीम इंडिया की अंतिम एकादश को लेकर तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं लेकिन ऐसा अनुमान है कि टीम इंडिया वही एकादश के साथ उतरेगी जिसके साथ उसने एशिया कप का खिताब जीता था। दिलचस्प बात यही रहेगी कि टीम मैनजमेंट टीम संयोजन में गेंदबाज,बल्लेबाज ओर आलराउंडर का बैलेंस कैसे बनाते हैं ।अभिषेक शर्मा,तिलक वर्मा की पार्ट टाइम गेंदबाजी की दम पर सिर्फ 5 गेंदबाजी विकल्प का जोखिम ऑस्ट्रेलिया के मैदानों टीम इंडिया लेती है या नहीं ।मतलब साफ है कि रिंकू सिंह का एकादश में चयन के गणित इसी बात पर निर्भर रहने वाले हैं। कम से कम पहले मैच में एकादश के नजरिए से सबसे रोचक बात यही रहने वाली है ।अगर टीम मैनजमेंट ऐसा नहीं करता है तो फिर हमेशा की तरह इस बार भी 3 गेंदबाज और 3 ऑलराउंडर के फॉर्मूले में ही टीम इंडिया नजर आयेगी। इस बात में कोई शक नहीं कि टीम इंडिया के पास टी20 की मजबूत टीम है और इसका पता इस बात से ही चल रहा है कि टीम ने पिछले 10 में से आठ मुकाबले जीते हैं,वहीं एक में हार मिली है और एक मैच टाई रहा है ।आंकड़े भले ही टीम इंडिया की ताकत बता रहे हों,लेकिन सच तो यह है कि इस बार चुनौती आसान नहीं रहेगी क्योंकि कंगारू टीम के गणित भी पिछले 10 मैचों के यही हैं। बस फर्क इतना है कि टीम इंडिया का जहां एक मुकाबला टाई हुआ है जबकि ऑस्ट्रेलिया टीम का एक मैच बारिश की वजह धुला है ।मतलब एकदम साफ है कि दोनों टीमों के बीच होने वाली इस सीरीज में धूम धड़ाका क्रिकेट की असल आतिशबाजी देखने को मिलेगी।



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

## टी-20 सीरीज: भारत-आस्ट्रेलिया के बीच पहला मुकाबला आज

# सूर्या की फॉर्म पर रहेगी नजर

## सैमसन या जितेश को मिल सकता है मौका? बुमराह की वापसी संभव

**कैनबरा, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज गंवाने के बाद अब भारतीय टीम कंगारूओं के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। दोनों टीमों के बीच बुधवार को पहला टी20 मुकाबला कैनबरा में खेला जाएगा। इस सीरीज में टीम सूर्यकुमार यादव की अगुआई में खेलने उतरेगी। सूर्यकुमार पिछले कुछ समय से फॉर्म में नजर नहीं आ रहे हैं और उनसे इस सीरीज में बड़ी पारी खेलने की उम्मीद रहेगी। यह लगभग तय है कि भारतीय टीम करीब वही प्लेइंग-11 के साथ उतरेगी जिसके साथ उसने एशिया कप का खिताब जीता था। भारत के पास टी20 की मजबूत टीम है और इसका पता इस बात से ही चल रहा है कि टीम ने पिछले 10 में से आठ मुकाबले जीते हैं, जबकि एक हारा है। वहीं, टीम का एक मैच टाई रहा था। भारतीय टीम के लिए चुनौती आसान नहीं रहेगी क्योंकि कंगारू टीम भी फॉर्म में है और उसने भारत की तरह पिछले 10 में से आठ मैच जीते हैं, जबकि एक मैच में उसे हार मिली है। ऑस्ट्रेलिया का एक मैच बारिश में धुला भी है। सूर्यकुमार भले ही बल्ले से योगदान नहीं दे पा रहे हैं, लेकिन कप्तान के तौर पर उनका रिकॉर्ड शानदार है। सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने अब तक 29 में से 23 मुकाबले जीते हैं और इस दौरान टीम ने आक्रामक होकर बल्लेबाजी की है और पहली ही गेंद से विपक्षी गेंदबाजों पर हमलावर रहे हैं। सूर्यकुमार के




### गिल-अभिषेक करेंगे पारी की शुरुआत

टी20 विश्व कप 2026 अब ज्यादा दूर नहीं है, ऐसे में भारत की तैयारियों के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये सीरीज काफी अहम है। भारत को इस वैश्विक टूर्नामेंट से पहले करीब 15 टी20 मुकाबले खेले हैं। अगर ऑस्ट्रेलिया में टीम को सकारात्मक नतीजे मिलते हैं तो इससे टीम का मनोबल बढ़ेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार की फॉर्म को लेकर चिंताओं को खारिज किया, लेकिन सूर्यकुमार को जल्द ही फॉर्म में लौटना होगा।

एक बार फिर शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा पारी की शुरुआत करते नजर आएंगे। एशिया कप में अभिषेक शानदार फॉर्म में थे और ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में भी उनसे इसी तरह का प्रदर्शन करने की उम्मीद थी। ऑस्ट्रेलिया की पिच पर अभिषेक के सामने चुनौती रहेगा, ऐसे में कप्तान का योगदान काफी महत्वपूर्ण होगा। वहीं, चौथे स्थान पर तिलक वर्मा उतरेंगे, जबकि हार्दिक पांड्या की अनुपस्थिति में शिवम दुबे पर बल्ले और गेंद दोनों से प्रदर्शन करने का जिम्मा रहेगा। एशिया कप फाइनल में साहसिक पारी खेलने वाले तिलक वर्मा और अक्षर पटेल मध्य क्रम का जिम्मा संभालेंगे, जबकि अगर भारत एक अतिरिक्त बल्लेबाज के साथ उतरेगा तो रिंकू सिंह की जगह भी एकादश में बन सकती है।

### बुमराह अच्छी सीरीज के लिए तैयारी करना जानते हैं :सूर्यकुमार

कैनबरा ।भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह के टीम में होने के महत्व पर अपने विचार साझा किए हैं। कप्तान का मानना है कि जरूरत पड़ने पर यह तेज गेंदबाज जिम्मेदारियां उठाने के लिए तैयार रहता है। बुमराह को हाल ही में समाप्त हुई वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया था। हालांकि, बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 टीम का हिस्सा हैं। दोनों देशों के बीच 29 अक्टूबर से टी20 सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। सूर्या का मानना है कि पावरप्ले में विकेट लेना चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने शुरुआती 6 ओवरों में जिम्मेदारी लेने और टीम को जब भी संभव हो सफलता दिलाने के लिए बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा, फ्हां, यह हमेशा एक चुनौती होती है। हमने देखा है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में कैसा प्रदर्शन किया। कप्तान ने कहा, फ्पावरप्ले हमेशा महत्वपूर्ण होता है। आपने एशिया कप में देखा होगा कि बुमराह ने पावरप्ले में कम से कम दो ओवर गेंदबाजी करने की जिम्मेदारी ली थी, इसलिए यह अच्छी बात है कि वह अपना हाथ बढ़ा रहे हैं।



## रियल मैड्रिड को झटका

### करीब 2 महीने मैदान से बाहर रहेंगे कार्वाजल

मैड्रिड । रियल मैड्रिड को एफसी बार्सिलोना के खिलाफ जीत की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। मैड्रिड के डिफेंडर दानी कार्वाजल को घुटने में चोट लगी है, जिसके बाद अब वह 2026 की शुरुआत तक मैदान से बाहर रहेंगे। रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना पर 2-1 जीत दर्ज की थी, लेकिन इस दौरान टीम का यह डिफेंडर चोटिल हो गया। अब दानी कार्वाजल को ठीक होने में लगभग दो महीने का समय लगेगा। रियल मैड्रिड की आधिकारिक वेबसाइट ने बताया, रियल मैड्रिड की मेडिकल टीम ने दानी कार्वाजल की जांच की, जिसमें उनके दाएं घुटने के जोड़ में एक लूज बॉडी पाया गया है।

### वर्ल्ड कप के बीच गोल्डन चांस

# एक साल बाद शेफाली वर्मा का होगा कमबैक, प्रतिका रावल की लेंगी जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

महिला विश्व कप 2025 के बीच भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को वनडे फॉर्मेट में वापसी का शानदार मौका मिला है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को आईसीसी से शेष टूर्नामेंट के लिए चोटिल प्रतिका रावल के स्थान पर शेफाली को टीम में शामिल करने की मंजूरी मिल गई है। शेफाली वर्मा भारतीय टीम में शामिल होने के समय सूरत में थीं। वह मंगलवार को नवी मुंबई में भारत के ट्रेनिंग कैंप से पहले रिपोर्ट करेंगी। प्रतिका रावल नवी मुंबई में बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गई थीं, जिसके बाद उन्हें शेष टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है। ऐसे में बीसीसीआई ने 21 वर्षीय दाएं हाथ की बल्लेबाज शेफाली वर्मा को टीम में शामिल करने का फैसला लिया, जिन्होंने पिछली बार 29 अक्टूबर 2024 को भारत की ओर से वनडे मैच खेला था। भारत की ओर से 29 वनडे मैच खेल चुकीं शेफाली ने 23 की औसत के साथ 644 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 4 अर्धशतक निकले हैं। हरियाणा की कप्तान लंबे समय तक स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ीदार रही हैं, लेकिन पिछले साल अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के विरुद्ध 3 मुकाबलों की सीरीज के बाद प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था।



### भारतीय टीम कल आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी

शेफाली वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र आधिकारिक विश्व कप 2025 अभ्यास मैच के लिए भारत-ए टीम में चुनी गई थीं। उन्होंने इस मुकाबले में 49 गेंदों पर 70 रनों की पारी खेली। टीम ने इस मैच को डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 4 विकेट से अपने नाम किया था। प्रतिका रावल का वर्ल्ड कप से बाहर होना भारत के लिए एक बड़ा झटका है। प्रतिका इस वर्ल्ड कप 7 मुकाबलों की 6 पारियों में 51.33 की औसत के साथ 308 रन बना चुकी हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 37 चौके और 4 छक्के निकले। वह वर्ल्ड कप 2025 में सर्वाधिक रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम 30 अक्टूबर को सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। ये मैच नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में खेला जाएगा।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# नए प्रोजेक्ट पर कर रहीं काम

# एक्ट्रेस तान्या मानिकतला राजकुमार राव संग मिलकर खोलेंगी शिक्षा व्यवस्था की पोल

भारत की नई पीढ़ी के कलाकारों में तेजी से पहचान बना रही अभिनेत्री तान्या मानिकतला अब जल्द ही अभिनेता राजकुमार राव के साथ एक नई फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य निंबालकर के निर्देशन में बन रही है। इस फिल्म में तान्या युवा भारतीयों की आवाज बनेंगी। उनका किरदार फिल्म की कहानी के लिए बेहद अहम होगा।

फिल्म की कहानी भारत की शिक्षा व्यवस्था की सच्चाइयों पर आधारित है। फिल्म उस दुनिया को सामने लाने की कोशिश करती है जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। वह दुनिया, जहां छात्र और शिक्षक, दोनों ही एक कठिन और प्रतिस्पर्धी सिस्टम के दबाव में जीते हैं। यह कहानी न केवल सामाजिक रूप से प्रासंगिक है, बल्कि हर उस परिवार से जुड़ती है जो बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहता है।



फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि यह प्रोजेक्ट सभी कलाकारों और निर्माताओं के लिए बेहद व्यक्तिगत और भावनात्मक है। निर्देशक आदित्य ने इस विषय को बड़ी गहराई और संवेदनशीलता से संभाला है। राजकुमार राव और तान्या मानिकतला का किरदार दर्शकों के दिल को छू लेगा। सूत्र के मुताबिक, तान्या का किरदार इस फिल्म का अहम हिस्सा है, क्योंकि यह उन युवा भारतीयों की आवाज है जो आज के दौर में शिक्षा, करियर और समाज की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। निर्देशन के साथ-साथ फिल्म का लेखन भी आदित्य निंबालकर ने किया है। कहानी में भारत के शिक्षा जगत की उन गहराइयों को दिखाया गया है, जहां छात्रों पर पढ़ाई और परीक्षा का भारी दबाव होता है, वहीं शिक्षकों को भी सिस्टम की सीमाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। फिल्म शिक्षा व्यवस्था के भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक पहलुओं पर रोशनी डालती है। यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक ऐसा आईना है जो समाज को अपने भीतर झांकने पर मजबूर करेगा।

### गोल्डन टेंपल पहुंची शहनाज गिल

## 'इक कुड़ी' की सफलता के लिए की प्रार्थना



**अभिनेत्री शहनाज गिल की फिल्म 'इक कुड़ी' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म की सफलता के लिए वह गोल्डन टेंपल में आशीर्वाद लेने पहुंची। शहनाज गिल, जो भोजपुरी और पंजाबी सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा से जानी जाती हैं, उन्होंने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, हम गुरु की नगरी आए हैं ताकि अपनी फिल्म के लिए वाहेगुरु का आशीर्वाद ले सकें।**

हमारी फिल्म 'इक कुड़ी' 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है और हम चाहते हैं कि यह सुपर डुपर हिट साबित हो। वाहे गुरु हमारी फिल्म को आशीर्वाद दें, पंजाब के लोगों का प्यार ही सबसे बड़ी ताकत है। आप सभी लोग इसे देखने जरूर जाएं। शहनाज ने अपने भाई शहबाज का भी जिक्र किया, जो पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले मैं यहां आई थी, अब मेरा भाई भी पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रहा है। मैं चाहती हूं कि सारे पंजाबी लोग उसे सपोर्ट करें। बिग बॉस में भी वह बहुत अच्छा कर रहे हैं, मैं चाहती हूं कि पूरे भारत के लोग उसे सपोर्ट करें। फिल्म 'इक कुड़ी' में 1950 से 2025 की कहानी है। शहनाज ने बताया कि यह कहानी पंजाब की मिट्टी से जुड़ी हुई है, जिसमें दर्शकों को कई रंग और अहसास मिलेंगे। फिल्म की शूटिंग चंडीगढ़ में हुई है, और इसमें पूरा पंजाबी माहौल दिखाया गया है। जब दर्शक इसे देखेंगे, तो उन्हें लगेगा कि यह पंजाब की मिट्टी से जुड़ी हुई कहानी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह फिल्म पंजाबी सिनेमा को नई पहचान देगी, क्योंकि इसमें जमीन से जुड़े कलाकारों ने दिल से मेहनत की है। हमारी पूरी टीम ने दिल से मेहनत की है ताकि पंजाबी सिनेमा को एक नई ऊंचाई मिल सके। रिलीज को लेकर एक बड़ा अपडेट देते हुए शहनाज ने कहा कि पहले यह फिल्म 19 सितंबर को रिलीज होनी थी।



**मेट्रो बाजार**

# भारतीय वित्तीय क्षेत्र में आया 65,000 करोड़ का विदेशी निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी बैंकों और बड़ी निवेश संस्थाओं की ओर से देश के वित्तीय क्षेत्र में हाल ही में आए भारी निवेश पर एक्सपर्ट्स ने कहा कि भारत वृद्धि और स्थिरता का अनोखा मिश्रण पेश करता है और विदेशी निवेशक यहां पैसा लगाकर अनिश्चितता के समय में स्थिर रिटर्न कमाना चाहते हैं। बीते कुछ महीनों में बड़े विदेशी बैंकों और वैश्विक वित्तीय संस्थाओं जैसे एमिरेट्स एनबीडी, ब्लैकस्टोन, एसएमबीसी, आईएचसी और एडीआईए ने भारत के वित्तीय क्षेत्र में 65,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया है और फेडरल बैंक, आरबीएल बैंक, यस बैंक, सम्मान कैपिटल और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में हिस्सेदारी हासिल की है। एसबीआई सिक्योरिटीज के फंडामेंटल रिसर्च हेड सन्नी अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक बैंकों के भारत के वित्तीय क्षेत्र पर बुलिश रहने का कारण मजबूत नियामक सुधार, स्थिर मैक्रो फंडामेंटल्स और एसेट क्वालिटी में सुधार होना है। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ईसीएल पर नए ऐलान ने इस सेंटीमेंट को और मजबूत किया है। एक्सपेक्टेड क्रेडिट लॉस (ईसीएल) फ्रेमवर्क 1 अप्रैल, 2027 से चरणबद्ध तरीके से लागू होगा और 31 मार्च, 2031 तक पूरी तरह से लागू हो जाएगा। इससे अनुपालन और कैपिटल प्लानिंग पहले के मुकाबले आसान हो जाएगी। मास्टर कैपिटल सर्विसेज में एवीपी (रिसर्च और एडवाइजरी) विष्णु कांत उपाध्याय ने कहा कि भारतीय बैंक वैश्विक स्तर पर विदेशी निवेश आकर्षित करने में सफल हो रहे हैं।

# देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा सर्विस सेक्टर : नीति आयोग का दावा

**नई दिल्ली ।** नीति आयोग के अनुसार, सर्विस सेक्टर देश के कुल जीवीए (ग्रॉस वैल्यू एडेड) में लगभग 55 प्रतिशत का योगदान देते हुए आर्थिक विकास का मुख्य आधार बन गया है। नीति आयोग की सर्विसेज डिविजन की प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. सोनिया पंत ने कहा, नीति आयोग में सर्विसेज डिविजन एक नया डिविजन है, जिसे खासकर सर्विस सेक्टर पर ध्यान देने के लिए ही बनाया गया है, जो कि देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला महत्वपूर्ण सेक्टर है।




उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नीति आयोग के सर्विसेज डिवीजन ने इंडियाज सर्विसेज सेक्टर-इनसाइट फ्रॉम जीवीए ट्रेंड्स एंड स्टेट लेवल डायनैमिक्स और इंडियाज सर्विसेज सेक्टर - इनसाइट फ्रॉम एंप्लॉयमेंट ट्रेंड्स एंड स्टेट लेवल डायनैमिक्स तैयार की हैं। दोनों ही रिपोर्ट को लेकर पंत जानकारी देते हुए बताती हैं कि ये रिपोर्ट आउटपुट और एंप्लॉयमेंट को लेकर सर्विस सेक्टर के डेडिकेटेड असेस्मेंट से जुड़ी है।

रिपोर्ट डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने, स्किल्ड ह्युमन कैपिटल को बढ़ाने, इनोवेशन इकोसिस्टम को तैयार करने और वैल्यू चेन में सर्विस को इंटीग्रेट करने की जरूरत पर बल देती है। जिसके साथ भारत को डिजिटल, प्रोफेशनल और नॉलेज-बेस्ड सर्विसेज में एक विश्वसनीय ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित किया जा सके। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्ट्रक्चरल रूप से पिछड़े राज्य अब तेजी से आगे बढ़ रहे राज्यों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कन्वर्जेंस का यह उभरता पैटर्न दर्शाता है कि भारत का सर्विसेज से जुड़ा यह बदलाव इन्क्लूसिव हो रहा है।

## न्यूज विंडो

### नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 1I6 करोड़ की ड्रग्स की बरामद

**पूर्वी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में नशे का धंधा चला रहे एक गिरोह का पूर्वी जिले के एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 121.58 किलोग्राम गांजा और 600 ग्राम स्मैक बरामद की है।तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दो कार भी पुलिस ने बरामद की है। पुलिस ड्रग्स की कीमत 1.6 करोड़ रुपये बताई है। तस्करों की पहचान गिरोह के सरगना नादिर उर्फ साहिल, इसके साथी अर्शू, तरक्की, नवील, तालिब, अमान और अरीब के रूप में हुई है।पुलिस को जांच में पता चला है कि अमान पर 32, तालिब पर 22, और अर्शू पर 28 आपराधिक केस दर्ज हैं। इनपर लूट, झटपारी समेत कई धाराओं में केस हैं।जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि दिल्ली पुलिस नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर नकेल कस रही है। जिले में नारकोटिक्स स्क्वाड के इंचार्ज अरुण कुमार के नेतृत्व में एसआइ रोहुल मोंगा व कांस्टेबल कौशल की एक टीम बनाई। टीम को 27 अक्टूबर को सूचना मिली कि गाजीपुर बार्डर से कुछ लोग ड्रग्स लेकर अक्षरधाम की तरफ जाएंगे।

### पूर्व जापानी पीएम आबे के हत्यारे ने कोर्ट में कबूली हत्या की बात

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंज़ो आबे की हत्या के तीन साल बाद आरोपी टेत्सुया यामागामी ने कोर्ट में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। नारा डिस्ट्रिक्ट कोर्ट इस मामले की पहली सुनवाई हुई और इस दौरान ही उसने अपना गुनाह



स्वीकार कर लिया। गौरतलब है कि पूर्व जापानी पीएम की 8 जुलाई 2022 को एक रैली के दौरान यामागामी ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।नारा डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में जब यामागामी से इस बारे में सवाल किया गया तो उसने बेहद शांत आवाज़ में कहा, सबकुछ सच है। 45 साल के यामागामी पर आबे की हत्या का मुकदमा 18 सुनवाइयों तक चलेगा और अंतिम फैसला 21 जनवरी 2026 को आने की उम्मीद है।जांच में खुलासा हुआ कि यामागामी ने बदले की भावना से आबे की हत्या की थी। उसका कहना था कि आबे जापान में यूनिफिकेशन चर्च का समर्थन करते थे। यमागामी इस संस्था को वह अपने परिवार की आर्थिक तबाही के लिए ज़िम्मेदार मानता है।

### फांसी के इंतजार में काटी 12 साल की जेल, बरी होने पर मांगा मुआवजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट उन तीन व्यक्तियों द्वारा दायर रिट याचिकाओं पर सुनवाई करने जा रहा है, जिन्होंने गलत सजा और मौत की सजा का दोष झेलने के बाद बरी होने पर मुआवजे की मांग की है। याची ने 12 साल जेल में बिताए और बाद में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बरी कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने अपनी गलत गिरफ्तारी, अभियोजन और दोषसिद्धि के लिए मुआवजे की मांग की है।मुख्य याचिकाकर्ता महाराष्ट्र के 41 वर्षीय रामकिरत मुनिलाल गौड़ है। उन्हें गलत दोषसिद्धि के बाद बारह साल की कैद हुई जिसमें से छह वर्ष उन्होंने फांसी की सजा के इंतजार में बिताए। उन्होंने मुआवजा मांगा है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बरी करते समय यह पाया था कि उनकी दोषसिद्धि त्रुटिपूर्ण और दूषित जांच पर आधारित थी। पीठ ने इस मामले में बीते दिनों को कहा कि हम भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अटॉर्नी जनरल से आग्रह करते हैं कि वह इस मामले में अदालत की सहायता करें।

### दिल्ली के रणहौला में कैब ड्राइवर की चाकू से गोदकर हत्या, फैली दहशत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में फिर से एक सनसनीखेज वारदात हो गई। दिल्ली के रणहौला थाना क्षेत्र में चाकू से वार करके कैब चालक की हत्या कर दी गई। कैब चालक का नाम मनीष बताया गया है। उधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने कैब चालक की हत्या को लेकर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही हत्या का कारण सामने आ सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# पीएम मोदी शानदार व्यक्ति और मजबूत आदमी: ट्रंप

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने की भारत के प्रधानमंत्री की तारीफ

**सियोल, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज को दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन की सीईओ वार्ता में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां उन्होंने अपने भाषण के दौरान भारत से व्यापार समझौते और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र किया। ट्रंप ने उस समय का भी जिक्र किया, जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष चल रहा था और दावा किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से बातचीत की थी। ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी को सबसे शानदार दिखने वाला व्यक्ति करार दिया। साथ ही कहा कि वे फादर की तरह हैं। ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी जबरदस्त हैं। वे काफी मजबूत नेता हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने एक मौके पर उनसे कहा कि



हम लड़ते रहेंगे। ट्रंप ने दावा किया कि दो दिन बाद भारत ने अमेरिका को फोन किया और अपने रवैये में नरमी दिखाई। उन्होंने कहा कि यह एक बेहतरीन बात थी।

### व्यापार समझौते को लेकर दिया संकेत

ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दर्शाया। ट्रंप ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा, अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले जापान में भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का राग अलापा था। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच हुई झड़प में सात नए खूबसूरत विमान गिराए गए थे। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने व्यापार के जरिए दोनों देशों के बीच तनाव को खत्म कराया था।

### पड़ोसी देश पहुंचे ट्रंप, किम जोंग ने दे दी क्रूज मिसाइल वाली वॉर्निंग

उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिमी तट पर समुद्र से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। इन मिसाइलों को समुद्र से वर्टिकल लॉन्च किया गया और वे लगभग 7,800 सेकंड तक एक तय मार्ग पर उड़ान भरने के बाद अपने लक्ष्य पर जाकर गिरीं।

हालांकि इस परीक्षण के दौरान उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन मौजूद नहीं थे। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर कोरियाई केंद्रीय सैन्य आयोग के उपाध्यक्ष पाक जोंग चोन ने कहा कि देश अपनी परमाणु शक्ति को सशक्त करने की दिशा में योजना के अनुसार महत्वपूर्ण सफलता हासिल कर रहा है।

# आज फिर अमित शाह की हुंकार राहुल-तेजस्वी की भी रैली

**पटना, एजेंसी**

बिहार विधानसभा चुनाव त्योहारों के संपन्न होते ही एक बार फिर से मैदान में हुंकार भरने की तैयारी हो चुकी है। एनडीए की तरफ से अमित शाह, सीएम नीतीश कुमार, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, रेखा गुप्ता (दिल्ली सीएम), मोहन यादव (एमपी सीएम) समेत कई नेता मोर्चा संभाल रहे हैं। वहीं महागठबंधन की तरफ से राहुल गांधी और तेजस्वी यादव एक साथ मंच साझा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर में चुनावी रैली से हुंकार भरेंगे। वहीं 30 अक्टूबर यानी कल से प्रियंका गांधी भी बिहार के चुनावी मैदान में आ रही हैं। 2 नवंबर को पीएम मोदी पटना में रोड शो करेंगे। ये मान कर चलिए कि आज की इन रैलियों में वादों और आरोपों की झड़ी लगने वाली है।




### अगर मेरी गलती है तो अरेस्ट कर लें: प्रशांत किशोर

प्रशांत किशोर ने दो जगह वोटर लिस्ट में नाम होने पर दिया जवाब, बोले - दो जगह वोटर लिस्ट में मेरा नाम है तो चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि अगर बिहार में एसआईआर चलाया तो मेरा नाम क्यों नहीं कटा, 2019 से करगहर में मेरा नाम है, बीच में 2 साल बंगाल गए थे तो वहां के वोटर थे, चुनाव आयोग नोटिस क्यों भेज रहा है अगर मेरी गलती है तो अरेस्ट कर लें।

### तेजस्वी का घोषणा पत्र कभी जमीन पर उतर ही नहीं सकता

भाजपा नेता योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा, महागठबंधन का झूठा घोषणा पत्र है। जमीन पर नहीं उतर सकता। यह झूठे वादे करने में माहिर हैं...वो नौकरी नहीं दे सकते...वे केवल झूठे वादे करके सरकार लाना चाहते हैं। लोग जंगलराज से परेशान थे। लोगों के दिमाग में यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार फिर से बनानी है लोग तेजस्वी यादव की बातों में आने वाले नहीं हैं।

### ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं

राहुल गांधी-तेजस्वी यादव एक साथ एक मंच से मुजफ्फरपुर और दरभंगा से महागठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली करेंगे। तेजस्वी यादवने छपरा की 6 विधानसभा सीटों पर आज ही एक के बाद एक चुनावी रैलियां करेंगे। हालांकि प्रियंका गांधी आज से प्रचार शुरू नहीं करेंगी। 1 नवंबर 2025 को वो बेगूसराय के बछवाड़ा, 3 नवंबर को लखीसराय और रोसड़ा (समस्तीपुर), 6 नवंबर को गोविंदगंज और चनपटिया (पूर्वी चंपारण) में प्रियंका गांधी की जनसभाएं होंगी।

**चीनी रक्षा मंत्रालय का दावा**

# भारत-चीन के बीच सैन्य वार्ता पूर्वी लद्दाख की स्थिति पर चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और चीन की सेनाओं ने उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता की, जिसमें पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने पर फोकस किया गया। चीन के रक्षा मंत्रालय ने आज को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने बताया कि कोर कमांडर स्तर की 23वें दौर की वार्ता 25 अक्तूबर को भारतीय क्षेत्र में मोल्दो-चुशुल सीमा पर मिलन बिंदु पर हुई। दोनों पक्षों ने चीन-भारत सीमा के पश्चिमी भाग के प्रबंधन पर सक्रिय और गहन चर्चा की। हालांकि, भारतीय अधिकारियों की तरफ



से इस बैठक को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के फैसले के अनुसार संवाद और वार्ता जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा, वे (सेनाएं) दोनों देशों के नेताओं की बीच बनी अहम सहमति के मार्गदर्शन में सैन्य और राजनयिक माध्यमों से संचार और बातचीत जारी रखने व चीन-भारत सीमा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए।

2020 में गलवां घाटी में भारत और चीन के बीच टकराव हुआ था। यह पिछले 40 वर्षों में एलएसी पर सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था, जिसमें दोनों पक्षों के सैनिकों की जान गई। इस घटना ने तनाव को बढ़ा दिया था और द्विपक्षीय संबंधों को ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंचा दिया था।हालांकि, 2024 में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों के संबंध सुधार की ओर बढ़ रहे हैं। इससे पहले अगस्त में भारत और चीन ने सीमा के सवाल पर विशेष प्रतिनिधियों की 24वीं बैठक की और द्विपक्षीय संबंध सुधारने के लिए कई उपायों पर सहमति व्यक्त की।

# प्रदेशभर में ठेकेदारों और सप्लायरों के 12 ठिकानों पर मारा छापा

**छत्तीसगढ़ डीएमएफ घोटाले में एसीबी-ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई**



**रायपुर, दोपहर मेट्रो**

छत्तीसगढ़ में हुए डीएमएफ घोटाले में एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने आज सुबह बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने प्रदेशभर में घोटाले से जुड़े ठेकेदारों और सप्लायरों के 12 ठिकानों पर दबिश दी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मामले की जांच कर रहे अधिकारियों की टीम ने रायपुर में 5 ठिकानों पर छापा मारा है। वहीं दुर्ग में 2, राजनांदगांव में 4 और कुरूद में 1कारोबारी के घर पर छापा पड़ा है। छापे की कार्रवाई जारी है। इन ठिकानों पर दस्तावेजों और इलेक्ट्रानिक उपकरणों की जांच की जा रही है।

### राजनांद गांव में इन व्यापारियों के घर दबिश

मिली जानकारी के अनुसार, ईओडब्लू ने आज सुबह रादनांदगांव में एक साथ तीन स्थानों पर दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की। रायपुर से पहुंची टीम ने भारत माता चौक स्थित राधा कृष्ण एजेंसी के संचालक अग्रवाल परिवार के निवास, सत्यम विहार में यश नहाटा के घर और कामठी लाइन स्थित ललित भंसाली के यहां छापा मारा है।सुबह करीब साढ़े पंच बजे पहुंची ईओडब्लू की टीम लगभग दस वाहनों के काफिले में यहां पहुंची। टीम सम्बंधितों के ठिकाने में दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर रही है।

# इजरायली हमलों से फिर दहला गाजा

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजरायली सैनिकों पर गोलीबारी के बाद आईडीएफ (इजरायल डिफेंस फोर्सेज) ने गाजा में हमास के ठिकानों पर भीषण हमले किए हैं। ये हमले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आदेश के बाद किए गए हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने कहा था कि उन्होंने सेना को गाजा में तुरंत शक्तिशाली हमले करने का आदेश दिया है। गाजा पर इजरायली हमले को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता वाले युद्ध-विराम के लिए अग्निपरीक्षा माना जा रहा है।



### हमास ने इजरायली सेना पर किया था हमला

आईडीएफ के अनुसार, हमास ने राफा में इजरायली सैनिकों पर एक एंटी टैंक मिसाइल दागी थी और गोलीबारी की थी। इजरायल ने इसे हमास की ओर से संघर्ष विराम का एक और उल्लंघन करार दिया गया। एक इजरायली अधिकारी ने द जेरूसलम पोस्ट को बताया, हमास के मौजूदा उल्लंघनों का जवाब पिछली बार की प्रतिक्रिया से कहीं अधिक गंभीर होगा।

### आईडीएफ ने गाजा में की भीषण गोलीबारी

एक सैन्य सूत्र के अनुसार, आईडीएफ जवाबी गोलीबारी कर रहा है ताकि हमास को येलो लाइन के इजरायली हिस्से में सैनिकों को और अधिक खतरे में डालने से रोका जा सके। स्थिति का आकलन करने और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज की स्वीकृति के बाद, 7 अक्टूबर से गाजा सीमावर्ती समुदायों में आईडीएफ द्वारा लगाए गए सुरक्षा प्रतिबंध हटा दिए गए हैं।

### इजरायली बंधकों के शवों को लौटाने में आ नाकानी कर रहा हमास

इजरायली सुरक्षा अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि अगर हमास बंधकों के अवशेष वापस नहीं लौटा पाता है, तो इजरायल पांच विकल्पों पर काम कर रहा है, जिनमें ऑपरेशनल कंट्रोल बढ़ाना, लक्षित हमले करने, बंधकों के अवशेष वापस लाने के अभियान, राजनयिक दबाव और मौजूदा समझौतों को समाप्त करना शामिल है।

**मेट्रो एंकर** | जलमार्ग से होगा परिवहन आसान, प्रधानमंत्री आज करेंगे शिरकत

# उप्र में जहाजों की मरम्मत, मुंबई में करार, बनारस बनेगा जल परिवहन का अड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यूपी में फरवरी-2025 में 'उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण' का गठन किया गया था और आठ माह में ही प्राधिकरण ने अपनी कार्ययोजनाओं को अमली जामा पहनाना शरू कर दिया है। प्राधिकरण ने द इनलैंड वाटरवेज एथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ मुंबई में 850 करोड़ रुपये का करार किया है, जिसमें बनारस में शिप रिपेयरिंग सेंटर के अलावा अन्य केंद्रों को खोलने की सहमति बनी। मुंबई के गोरेगांव में 27 से 31 अक्टूबर तक मैरीटाइम वीक 2025 का आयोजन चल रहा है। इसमें 85 से अधिक देश, एक लाख से अधिक डेलीगेट्स, 500 से अधिक स्टॉल और 350 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय वक्ता शामिल होने का दावा किया जा रहा है। 'उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण' ने भी अपना स्टॉल लगाया है।



**आज पहुंचेंगे प्रधानमंत्री मोदी** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आज इस कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में जलमार्ग परिवहन से जुड़ी चार परियोजनाओं का केंद्र पीएम का संसदीय क्षेत्र बनारस होगा। यूपी की परिवहन आयुक्त और जल मार्ग प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी किंजल सिंह ने को बताया कि बनारस में 200 करोड़ की लागत से 2 वर्ल्ड क्लास रिवर टर्मिनल बनेंगे। इसके अलावा, 200 करोड़ का रीजनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, 100 करोड़ का हाइब्रिड बोट के लिए इलेक्ट्रिक चार्जिंग सेंटर और 350 करोड़ का शिप रिपेयरिंग सेंटर खुलेगा। इसके लिए द इनलैंड वाटरवेज एथॉरिटी ऑफ इंडिया एमओयू हो गया है।

### यूपी में 11 राष्ट्रीय जलमार्ग

देश में 111 राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किए गए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना सहित कुल 11 राष्ट्रीय जलमार्ग मौजूद हैं। जलमार्गों के जरिए परिवहन को किफायती और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से यूपी में जलमार्ग प्राधिकरण की स्थापना की गई है। सरकार का मानना है कि जल परिवहन प्रणाली विकसित होने से यातायात के अन्य साधनों पर दबाव कम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त इस प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। प्रदेश सरकार जल परिवहन के साथ-साथ जल पर्यटन को भी विकसित करने की योजना बना रहा है। इस प्राधिकरण के माध्यम से विभिन्न पर्यटन स्थलों को जलमार्ग से जोड़ने और उन्हें आकर्षक बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

**ताजिकिस्तान के इंटेलिजेंस चीफ यातिमोव ने पाक को चेताया**

# अफगान ने खड़ा किया कई साम्राज्यों का कब्रिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** कंगाल पाकिस्तान अपनी करतूतों का अंजाम भुगत रहा है। भारत से मार खाकर पहले से ही कराह रहे इस देश पर अफगानिस्तान से आफत बरस रही है। अफगान तालिबान के साथ पाकिस्तान की शांति वार्ता फेल हो चुकी है। इस्तांबुल से लौटते ही दोनों देशों के बीच एक बार फिर से तनाव चरम पर पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि ये बातचीत पाकिस्तान की वजह से फेल हुई, जो लिखित में गारंटी



मांग रहा था। इस बीच पाकिस्तान की अकड़ देखकर एक शख्स ने अफगानों का इतिहास बयां किया है, जिसमें शहबाज-मुनीर को चेताया गया है कि कैसे अफगान 'साम्राज्यों के कब्रिस्तान' खड़े कर चुके हैं।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान शांति वार्ता फेल होने के बाद ताजिकिस्तान के इंटेलिजेंस चीफ सैमुमिन यातिमोव का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने साफ कहा है कि इतिहास अफगानिस्तान को 'साम्राज्यों का कब्रिस्तान' के रूप में याद करता है। यातिमोव ने असीम मुनीर को याद दिलाया है कि पाकिस्तान के लिए 'अफगानिस्तान के साथ शांति का रास्ता ही बेहतर' रहेगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564